Title: Further discussion regarding atrocities committed on minorities in various parts of the country raised by Shri Arif Mohammed Khan on the 8th December, 1998. (Not Concluded)

16.02 hrs.

SHRI C. GOPAL (ARAKKONAM): Mr. Chairman Sir, I am very thankful to you for allowing me to speak on the subject `atrocities committed on minorities in various parts of the country' in this House. I want to submit before this House that before talking on the subject, everybody must know what is the root cause for these atrocities on minorities in every part of the nation. I want to say one thing that if every human right is respected by every citizen in this nation, then there is no possibility of causing atrocities in every part of our nation. That is why, during the struggle for Independence, the leaders of the National Movement tried to stress the primacy of human rights. In our future constitutional set-up, the Constitution-makers of free India reflected this primacy while handing down to us our Constitution under which we have practised democracy for the past 50 years. We have celebrated Silver Jubilee of our Independence. We have spent 50 years after Independence. The existence of atrocities on minorities is prevalent throughout the country. It has been in existence for the past 50 years. It was there even before Independence. That is why, our great leaders opined that any Government in India has to act according to our Constitution. Our Constitution has been framed keeping in view the poor people, the minorities and other people also.

I want to submit before this House what is the Preamble of the Constitution of India. This is a fundamental thing and every citizen must understand it. It says:

"WE, THE PEOPLE OF INDIA, having solemnly resolved to constitute India into a SOVEREIGN SOCIALIST SECULAR DEMOCRATIC REPUBLIC and to secure to all its citizens:

JUSTICE, social, economic and political;

LIBERTY of thought, expression, belief, faith and worship;

EQUALITY of status and of opportunity;

and to promote among them all

FRATERNITY assuring the dignity of the individual and the unity and integrity of the Nation;"

We must understand that every citizen is equal before law. It is mentioned in the Preamble of our Constitution. My humble submission would be that if everybody is respected, there is no possibility of causing atrocities on any citizen in India.

We know that Mahatma Gandhi, the Father of our Nation, was the person responsible for getting freedom to our nation. On 15th of August, 1947 when Pandit Nehru invited Mahatma Gandhi to come and participate in the flag hoisting function, I am sorry to say that Mahatma Gandhi did not participate in that function, that is, when our National Flag was hoisted at the Red Fort. He did not participate in that function because near the border of East Bengal, Muslim people were affected and their women were raped. They were not moving freely on that side. At that time, he said, "I did not find the freedom, what I aimed, therefore, I do not want to come to this function." These were the words of Mahatma Gandhi.

We must feel sorry that these atrocities still continue even after our Independence. I request the Central Government to appoint committees in each and every district of our country to give publicity and to advise the people, whether they belong to the minority or the majority community.

My humble submission is that democracy cannot survive and sustain itself without respect for human rights. When the demolition of the Babri Masjid took place, many Muslims were injured in several incidents that followed, whereas in Tamil Nadu -- at that time, our beloved leader and the General Secretary of the AIADMK, Puratchi Thalaivi Dr. Jayalaitha was ruling Tamil Nadu -- no such incident had happened and the then Chief

Minister provided security to all the Muslims and the minority communities. She maintained the law and order perfectly and, that is why, no such incident had happened. We are very proud to say this in this august House.

I want to draw the attention of the House to the issue of rape of four nuns in Jhabua District in Madhya Pradesh. Many such incidents happened. There were attacks on the schools run by the Christians and there was also the incident of burning the copies of the Bible in Gujarat. There was also an attack on a Convent in Jhabua. A Convent was looted in Baghpat in Uttar Pradesh, and a Church was attacked and desecrated in Meerut in Uttar Pradesh. (Interruptions) What is this interference? Further, a woman was raped in a Convent in Bandel District in West Bengal. These were the incidents against minorities which happened in various parts of India I do not want to blame any party here. My humble submission is that the gang-rape of four nuns in Jhabua appears to be part of a large plan and to terrorise the minority Christians all over the country. That is why, this incident against the nuns had happened. These criminal incidents are inhuman acts, and they are a blot on our culture also. So, my request is that the Government should see to it that the minority communities, all over the country, do not come under these intense pressures. Every Government should take it as a duty also.

Another incident happened in the State of Tamil Nadu and that was the death of one Ms. Chitra under mysterious conditions.

SHRI C. GOPAL : No, the matter is not sub-judice. There is a judicial order ... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN : Shri Baalu, he is not yielding.

SHRI C. GOPAL : No, the matter is not sub-judice.

Sir, I would not like to submit anything with regard to the Judiciary. The death of Ms. Chitra was under suspicious conditions. Therefore, my leader, the General Secretary of the Party, our beloved leader, Puratchi Thalaivi requested the Government of Tamil Nadu to order an immediate judicial enquiry. At the first instance the matter was neglected. The CBCID gave a different report; the enquiry report of RDOS was something different. So, my leader requested the State Government to institute a judicial enquiry immediately.

Sir, the AIADMK organised a four-phased agitation. But that also did not evoke any response from the Chief Minister of Tamil Nadu.

MR. CHAIRMAN: Please conclude now.

SHRI C. GOPAL : Sir, I am the only speaker from my Party and so I should be allowed some time.

Sir, in the first phase of our agitation, my leader issued a statement demanding stringent punishment for the guilty; in the second phase of our agitation, a meeting of an expository nature was held on this issue on the 3rd of November, which was addressed by the Chairman of our Party, Shri V.R.Nedunchezhiyan. Then, the Women's Wing of the Party organised a protest march on the 9th of November and finally in the fourth phase of our agitation, the Party Deputy General Secretary, Shri P.Kalimutthu held a demonstration before the Chennai Collectorate. Even then, when there was no response from the State Government, she herself decided to enter the agitation. When the programme for the proposed procession march to the Raj Bhawan was announced, it was then that the Chief Minister of the State became jittery and finally ordered a judicial enquiry into the matter. Though maintenance of better public order and the police are State subjects, yet the Central Government also has a responsibility in the matter. After a month the incident took place, the State Government came forward to order a judicial enquiry into the matter. The Central Government also knew about the matter. I would only say that such incidents should not take place and there should also be immediate remedial measures to such incidents. Only when immediate remedial measures are ensured and culprits are brought to book, then only justice could be rendered to the people belonging to the minority community. The Central Government has been providing assistance to the State Government for meeting the infrastructure of police and also shares intelligence reports with them.

MR. CHAIRMAN: There are so many members who would like to speak on this. Please conclude now.

SHRI C. GOPAL : Sir, that is why, I would like to submit that when such incidents take place and the State Government does not take action, the Central Government must come forward immediately to render justice to the minorities.

Sir, the State of Tamil Nadu was very peaceful when it was ruled by our leader. Now, the Muslims are moving from one place to another. When the Babri Masjid was demolished, there was no incident of violence in the State. But now there is harassment of the minorities in the State of Tamil Nadu.

Sir, with these few words, I conclude my speech.

>SHRI SURESH KURUP (KOTTAYAM): Sir, ever since the BJP has taken over the reins of power at the Centre, the attacks against the minorities have increased. We all know that the Sixth anniversary of the demolition of the Babri Masjid is just over.

The wounds it has inflicted on our polity have not yet healed. Now, the Sangh Parivar has found a target other than the Muslim community, that is, the Christians in our country.

As we all know, the Christian community constitutes only 2.4 per cent of our population. Never before in the 2000 year old history of Christianity in our country this community has been subjected to such concerted inhuman attacks with the active connivance of the Government at the Centre and also in some of the State Governments ruled by the BJP. If the BJP feels that its pathetic fall in the recent elections is only due to the rise in the price of onions, it is sadly mistaken. The election verdict is a categorical declaration by the people of all communities in our country, especially Hindu community, that they want the secular traditions of this country to be protected. In fact, the Sangh Parivar and its cohorts are attributing to the Hindu community an intolerance which it never possessed. In fact, the greatest thing that this country can be proud of is that we have a rich heritage which welcomed all religions and all streams of thought to our country. I would like to quote Swami Vivekananda here. It is good for the BJP to occasionally know what the greatest exponent of the Hindu faith told the world about the Hindu faith. This is from the famous speech of Swami Vivekananda delivered at the World Parliament of Religions. He said:

"I am proud to belong to a religion which has taught the world both tolerance and universal acceptance. We believe not only in universal toleration but we accept all religions as true. I am proud to belong to a nation which has sheltered the persecuted and the refugees of all religions and all nations of the earth. I am proud to tell you that we have gathered in our bosom the purest remnant of Israelites who came to southern India and took refuge with us in the very year in which their holy temple was shattered to pieces by Roman tyranny."

Throughout his trip across the United States he asserted the tolerance which this country and the Hindu faith preached.

As far as religions are concerned, our country is a world in miniature. Almost all major religions in the world are represented in our country. It is this rich cultural mosaic which every Indian is proud of that the BJP and the RSS want to break. The people have again asserted their faith in the recent elections. Their faith in a secular India has given a befitting reply to the attempts by the BJP. What has happened in our country during the last eight months of the stupendously glorious BJP rule is that this Government has been extending active patronage to all these fundamentalist forces who are organising nasty and inhuman attacks on the minorities, especially the Christians. Bibles are burnt, nuns are raped, priests are attacked, and religious meetings are disrupted and vandalised, all in the name of Hindutva.

What happened in Jhabua? I was one of the six Members of Parliament belonging to CPI(M) who visited Jhabua. Four innocent nuns who were staying in a convent doing whatever little social service they could do to the community, were molested by a group of thugs.

How this rape is different from the other rapes that have been reported in our country? This should be viewed on the background of the all-out attack by the Sangh Parivar against the Christian community. When this most foul atrocity was committed against these four innocent nuns at Jhabua, the Secretary of the Vishwa Hindu Parishad

had the temerity to make an outrageously atrocious statement that it is an act of patriotism. In his mind apparently, the rape of the nuns was an attack the against the Christian faith.

This gentleman was a BJP Member of Parliament and he continues to be in the ruling party even now. This whole country was looking at the Prime Minister and the Home Minister whether any of them would condemn the attack and the new found definition of patriotism. But none came forward to condemn this and offer protection to the minority and to the Christian community. Sir, this is nothing but the betrayal of whatever little trust this great country reposed on you.

>THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI L.K. ADVANI): Sir, I am intervening. I have to reply at the end, but when an atrocious statement of this kind is made I thought that I must contradict it. I must say that in the presence of Arch Bishop of Delhi who came and pointed out to me that statement which has been issued, on that very day, in his presence, I phoned the leader of that organization and had him repremanded and further had the organization, the Vishwa Hindu Parishad to condemn that statement and condemn the act of rape also.

Further, I wish that this issue is not communalised. In this issue, the culprits who committed this heinous offence, if 24 were suspects, 12 of them happened to be Christians. Therefore, the issue is not Christian versus Hindu. The issue is a rape of women and a rape of nuns, which is atrocious and outrageous. No one can condone it. Therefore, no words can be too strong to condemn this act.

I wish that your delegation, when it went there, had also asked the State authorities which happened to be different from my party, as to who are these people. And, when, we asked them, they told us that out of these 24 culprits, 12 are Christians. And, the moment, I came to know about it, I said, it is our failure. Because of this one single incident, we have been maligned throughout the world. This Jhabua incident has done a lot of damage not to the BJP as such, not to the Government but to the whole country because this country cannot reconcile with that. Now, when I learned that a CPM delegation went there, I am shocked that the CPM delegation did not care to find out this elementary fact which was immediately told to us by the State Government. If this fact had been known, the kind of a bad reputation that the country has earned today, would not have been there. Therefore, because you are repeating it, I felt that even before I reply to the whole debate, I must contradict this particular fact.

This is a heinous offence. Those who have committed it, are being brought to book by the State Government, and I must compliment the State Government for taking necessary action. But it should not be communalised by any one of us... (Interruptions)

DR. ASIM BALA (NABADWIP): On how many attempts, the arrest was made?.. (Interruptions)

SHRI L.K. ADVANI): So far as the other matters are concerned, I will reply to them. But this is a different category altogether. Yesterday, every one spoke about all these things. But on one referred to Jhabua incident. I felt that they have taken cognisance of the fact that this particular incident should not be referred to in this context. And today, when I learned from you that your delegation has actually visited there, and after that, you are repeating it, I thought it would be proper for me to contradict.

SHRI SURESH KURUP : I said that this incident should be viewed on the background of the all out attack against Christians community in our country.

SHRI L.K. ADVANI: Well, 12 culprits, hoodlums who were the Christian who did this, had they actually done because of Hindutva?... (Interruptions)

SHRI SURESH KURUP : Why are you underlying the fact that they are Christians? ... (Interruptions)

SHRI L.K. ADVANI: Mr. Chairman, Sir, I am only saying that so far as the BJP is concerned, it would be willing to explain everything. But let us not refer to matters which are not communal, which are of a different nature and about which all of us should be unanimous.

When nobody referred to Jhabua either day before yesterday or yesterday, I felt satisfied that they were aware of the facts of the situation and therefore they were not referring to it. I felt, nobody is talking about nuns being raped in the name of Hindutva because this particular incident itself is proof ... (Interruptions)

SHRI BASU DEB ACHARIA (BANKURA): Our concern is about the statement made by the VHP.

SHRI L.K. ADVANI: I condemned that in the presence of the Archbishop.

SHRI SURESH KURUP : You have only now made this statement belatedly.

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI L.K. ADVANI): I had condemned it the very day.

SHRI SURESH KURUP (KOTTAYAM): You have not made any public statement till now.

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI L.K. ADVANI): I wish you could ask this from the Archbishop himself. I have nothing more to say.

SHRI SURESH KURUP (KOTTAYAM): Look at the instances of attacks that have taken place all over the country. There have been several instances in 1998 also. Some of my learned colleagues have mentioned about them yesterday also.

Gujarat stands first in the list of attacks on them. On the 2nd March, in Baroda, Gujarat, while a group of people were distributing handbills concerning an upcoming Christian meeting scheduled to be held at the Baroda Polo Grounds during the 4th to 7th March, 1998, young men of the VHP, Bajrang Dal and Durga Vahini came out in large numbers and started beating the group, which included a few foreign tourists. Later, the police came on the scene and took the victims to the Padra police station and detained them there for a long time.

Again, on the 4th March, at Vadodara, there was an attack at the Baroda Polo Grounds on a peaceful Christian minority group. The buses engaged for transporting the participants were prevented from taking off and the stranded participants using public transport were singled out and mercilessly beaten up. That congregation was disrupted and those who were waiting at the bus stop were mercilessly beaten up.

On the 13th March, a group of pilgrims were attacked by some religious fanatics at Khanvel, Maharashtra.

On the 3rd April, in Gujarat again, a Christian convention organised in the Polo Grounds was attacked by the members of the VHP and the Bajrang Dal in Baroda.

There are several instances. On the 8th July, again in Gujarat, at Kapadvanj in Nadiad district, the body of Samuel Christian, a Methodist Christian, was allegedly exhumed by VHP activists from the cemetery at Kapadvanj and dumped near the Methodist Church.

On the 12th July, again in Gujarat, when the Christians gathered for Sunday worship, village Patel Baburao Gavit allegedly rushed in brandishing a bottle and threatened the Christians. The same day, the Church lock was broken and the Cross removed from the prayer hall of Dhavalidod.

On the 20th July, at Rajkot, Gujarat, copies of the Holy Bible were burnt allegedly by VHP and Bajrang Dal activists at the I.P. Mission School, Rajkot. This Rajkot incident was reported widely.

Again on the 9th August in Gujarat, a Church was demolished by the RSS people at Ahmedabad. There are many instances.

What are they up to? As I submitted earlier, the Hindutva forces wanted to negate the real plurality of this country. They deny that India is a multi-religious country and this land belongs to all the people, belonging to various religions. It is the Sangh Parivar's objective that these religious diversity is submerged in a `Hindu Rashtra'. Their aim is to sow distrust among the various communities of the country. The BJP leaders claim that they failed in the elections because they could not implement their agenda fully and forcefully.

That means the Vishwa Hindu Parishad and the RSS visualise more terror and intimidation against Christians and other minority communities. The failure in the elections, I genuinely fear, may force the BJP and the RSS to carry on much more vigorous attacks against the minorities. What are the secular allies of the BJP doing? Kumari Mamata Banerjee wants to keep her secular credentials intact by supporting the BJP Government. She should know that she cannot travel in two boats at the same time. The secular boat may capsize at any time. She gave a belated call to observe December 6th as a Black Day. All the allies of the BJP should know that running with the hare is not possible while you are hunting with the hound.

Sir, as I said earlier, Christians are in a miniscule minority. Their great service in the field of education and charity are examples to the people of all other communities in our country. I myself studied in a great Christian institution and I am sure many other hon. Members must also have studied in such institutions. People of all religions have benefited from their work. This is the country where Mother Teresa, the embodiment of Chrisian love and eternal compassion lived and worked.

I am ashamed to say that in this country of Mother Teresa, the RSS and its frontal organizations, with the blessings of the Central Government are trying to whip up hatred against the Christian community. This Government has no regret in implementing this hatred agenda. When queries came from the agitated foreign Governments, this Government had the temerity to issue an in-house circular to all the Indian Embassies and Missions abroad saying that these attacks are the making of the minorities themselves. They themselves are to be blamed for that. This Government issued this circular. Will this Government take serious steps to put an end to these attacks on minorities being perpetrated by the RSS and its frontal organizations? I would like the BJP to know how the Christians felt at the time of their persecution. It would be nice for them to know what St. Paul said when he was on his way to Damascus. He said, "For Christ's sake we are fools; but you are wise in union with the Christ. We are weak but you are strong! We are despised but you are honoured. To this very moment we go hungry and thirsty; we are clothed in rags; we are beaten; we wander from place to place; we wear ourselves with hard work; when we are cursed we bless; when we are persecuted we endure; when we are insulted we answer with kind words. We are no more than the world's garbage; we are the scum of the earth to this very moment."

Finally, I would like them to remember what Christ said during his glorious moments of glorification. He said, `Oh! Father, they do not know what they are doing, forgive them'.

सभापति महोदय : माननीय सदस्य कृपया अपनी बात संक्षेप में कहें तो अच्छा रहेगा क्योंकि कई माननीय सदस्यों को बोलना है। विषय बहुत महत्वपूर्ण है।

१६३४ बजे

>

डा. शफीकुर्रहमान बर्क (मुरादाबाद) : मुझे तो कम से कम कुछ समय दीजिएगा।

मोहतरम चेयरमैन साहब, रूल १९३ के तहत आरिफ मोहम्मद खान साहब ने जो माइनॉरिटीज़ अट्रोसिटीज़ के सिलसिले में बहस छेड़ी है, जिस पर मोहतरम शिवशंकर जी और गुप्ता जी जैसे लोगों ने भी अपने ख्यालात का इज़हार किया है, मैं आपके द्वारा इस हाउस के संज्ञान में यह बात लाना चाहता हूं कि ५० साल हमारी आज़ादी के हो चुके हैं।

५० साल के बाद आज भी अकलियतों के साथ चाहे वे मुसलमान हों, सिख हों, ईसाई हो, बैकवर्ड क्लास के लोग हों या हरिजन हों, बहरहाल उन पर आज भी अत्याचार हो रहा है जुल्म व तशद्दुद हो रहा है। इसको रोकने के लिए सरकार ने कोई भी पॉलिसी नहीं बनाई जिससे कि ये अत्याचार दूर हो सकें। खास तौर से आज बी.जे.पी. की सरकार है और बी.जे.पी. के लोगों ने हमेशा से मुसलमानों के साथ अत्याचार किया है। इस हिंदुस्तान के अंदर कम से कम ३० हजार बलवे हुए हैं और जब-जब

... (व्यवधान)

श्रीमती जयाबहन भरतकुमार ठक्कर (वडोदरा): उनको कौन बचाता है?

डा. शफीकुर्रहमान बर्क : मैं जो कुछ कह रहा हूं, वह सच्चाई है

... (व्यवधान)

इस हिंदुस्तान के अंदर मुरादाबाद में बलवा हुआ

... (व्यवधान)

श्री अमन कुमार नागरा : बी.जे.पी. सरकार के आने के बाद कितने दंगे हुए हैं?

श्रीमती जयाबहन भरतकुमार ठक्कर : भड़ूंच में इलेक्शन हुआ, वहां के लोगों ने बोला है कि जब से बी.जे.पी. की सरकार आई है, हमारे बच्चे इत्मीनान से घर आते हैं और हम सुकून से रह रहे हैं।

... (व्यवधान)

डा. शफीकुर्रहमान बर्क : बगैर मुसलमानों के यह देश नहीं चल सकता। इस देश में तीस करोड़ मुसलमान बसते हैं और अगर आप मुसलमानों को शिक्षा नहीं देंगे, रोजगार नहीं देंगे, मुसलमानों के साथ इंसाफ नहीं करेंगे तो फिर यह देश कैसे चलेगा? कोई भी मुल्क वगैर कानून और वगैर इंसाफ के नहीं चलता। लेकिन बाबरी मस्जिद का सानेहा इस बात का शाहिद है कि बी.जे.पी., विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और शिव सेना के लोग बहरहाल कानून में यकीन नहीं रखते। हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट का स्टे ऑर्डर था, लेकिन बाबरी मस्जिद को शहीद कर दिया गया। उन्होंने कानून और

अदालतों को नहीं माना, बल्कि अपनी आस्था पर यकीन किया। जो पार्टी आस्था पर यकीन करती हो और अदालतों और कानून को न मानती हो, बहरहाल वह काबिले मजम्मत है।

कल्याण सिंह आज मुख्य मंत्री हैं, उनको एक दिन की सजा हो चुकी है। माननीय आडवाणी साहब होम मिनिस्टर हैं, बहरहाल उन पर भी इस किस्म के मुकदमात चल रहे हैं, अंडर सुपरवीजन हैं। इस सिलसिले में मैं कहना चाहूंगा कि मुसलमान आज हिंदुस्तान की सबसे बड़ी अकलियत हैं। मुसलमानों नें हिंदुस्तान की आजादी में कौन सी कुर्बानी नहीं की। मुसलमानों ने अपनी गरदन कटाई, फांसी पर चढ़े, सीनों पर गोलियां खाईं और हिंदुस्तान को आजाद कराया। लेकिन इसके बावजूद आज भी मुसलमानों के साथ तरह-तरह से नाइंसाफी की जाती है, अकलियतों के साथ जुल्म व तशद्दुद इस देश में हुई हैं, सिखों के साथ हुई हैं, ईसाइयों के साथ भी हो रही हैं लेकिन मुसलमानों के साथ सबसे ज्यादा हो रहे हैं। गवर्नमेंट मुसलमानों का सरकारी मुलाजिमात से बिल्कुल सफाया कर रही है। जहां तक पुलिस का ताल्लुक है, एक परसेंट या दो परसेट भी मुसलमान इसमें नहीं है। इन हालात में जबकि मुसलमानों की इतनी बड़ी तादाद है, मुसलमानों पर ऐतबार नहीं किया जाता है। हमसे वफादारी का सर्टीफेकेट मांगते हैं - उस्मान ब्रिगेडियर ने अपनी जान देकर कश्मीर को बचाया था, हवलदार, अब्दुल हमीद ने अपनी जान देकर पाकिस्तान का पैटन टैंक तोड़ा था और पोखरन में जो न्यूक्लियर टैस्ट हुआ है, क्या अब्दुल कलाम उसके बनाने वाले नहीं हैं? फिर भी हम पर ऐतबार नहीं है। आखिर इसकी वजह क्या है, इसके पीछे कौन सी ज़हनियत काम कर रही है, जो मुसलमानों के साथ नाइंसाफी की जाती है।

स्कूल और कालिजों में हमारे साथ सौतेलेपन का सलूक किया जाता है। हमें नौकरियों में जगह नहीं दी जाती है, हमारे बच्चों को दाखिला नहीं मिलता। जब आप इस देश में मुसलमानों को तालीम नहीं दिलायेंगे तो यह देश तरक्की नहीं कर सकता। इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि हमें भीख नहीं चाहिए, हमें हक चाहिए। इस देश में हमारा भी हक बनता है। हमारी जो साझेदारी इस देश में बनती है, बहरहाल अपने उस हक को मांगने पर हम मजबूर हैं।

सभापति महोदय, रैपिड एक्शन फोर्स बनाया गया है। उसमें भी ऐसे लोग शामिल कर लिए गए हैं जो बल्वे और फसाद के मौके पर इंसाफ से काम नहीं करते। मुसलमानों के साथ मुख्तलिफ मौके पर, चाहे वह कोई भी मामला हो, चाहे स्कूल का मामला हो, चाहे तालीम का मामला हो, चाहे सर्विस का मामला हो, उसमें हमेशा नाइंसाफी की जाती रही है। इसकी जिंदा मिसाल यह है कि दिल्ली में ऐसे कई मसले पैदा किए जा चुके हैं जिनमें मुसलमानों को हैरेस करने की कोशिश की जा रही है, उनको झूठे और गैर-कानूनी नोटिस दिए जा रहे हैं। मैं बताना चाहता हूं कि मैने इस सिलसिले में ३० तारीख को दिल्ली के लैफ्टीनेंट गवर्नर को खत लिखा है कि मुसलमानों को दिल्ली में मकान खाली करने के नोटिस क्यों दिए जा रहे हैं। उनको हैरेस करके यहां से निकालने की कोशिश की जा रही है।

चेयरमैन साहब, मैं अर्ज करना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान के अंदर मुस्लिम यूनिवर्सिटी, वाहिद यूनीवर्सिटी है जो कि रेजीडेंश्यल यूनीवर्सिटी है और जिसमें लगभग ३० हजार बच्चे पढ़ते हैं। एक महीने से ज्यादा हो गया, वह बन्द है और यहां पर हमारे सभी सदस्यों ने आवाज उठाई कि इस यूनीवर्सिटी को खुलवाया जाए और वी.सी. को हटाया जाए, लेकिन कुछ नहीं हुआ। हमारे कई लड़के जो स्टूडेंट हैं और डाक्टर्स हैं, जो जे.डी.ओ. के डॉक्टर्स हैं, वे भूख हड़ताल पर बैठे हैं, उनकी इमदाद की जा सकती है, लेकिन नहीं की जा रही है और वी.सी. को नहीं हटाया जा रहा है और उसके इंतजाम को ठीक नहीं किया जा रहा है। मेरी गुजारिश है कि वी.सी.को तत्काल हटाया जाए, वहां के इंतजाम को ठीक किया जाए।

चेयरमैन साहब, इसके अलावा मैं दूसरी बात यह अर्ज करना चाहता हूं कि वहां पर मुसलमानों को परेशान करने के लिए एक दूसरा हथियार चलाया है, वंदे मातरम और सरस्वती वंदना का। मुसलमानों को उसमें गैर-कानूनी तरीके से फंसाने और दबाने की कोशिश की जा रही है और हमारे सूबे उत्तर प्रदेश की ग वर्नमेंट ने वंदे मातरम और सरस्वती वंदना का कोई लिखित आदेश नहीं दिया, लेकिन वर्बल आर्डर से उसको लागू किया जा रहा है। केवल जुबानी आर्डर से उसे मुसलमानों पर थोपने का प्रयास किया जा रहा है। मुसलमानों के बच्चे जब स्कूल में जाएं, तो उन्हें यह पढ़ाया जाए, उनके ऊपर यह कंपलसरी किया जाए, यह ठीक नहीं है। हमारी मांग है चूंकि यह देश सबका है, यह देश तनहा एक कौम का नहीं है, एक पार्टी का नहीं है, यहां पर जितने लोग बसते हैं, हिन्दू-मुसलमान, छोटे-बड़े, सभी का देश है। यहां जम्हूरियत है, यह सैकुलर देश है। इसलिए हमें इन सारी चीजों को देखना होगा। मौलाना अबुल हसन नदवी के साथ जुल्म हुआ

... (व्यवधान)

श्री रामानन्द सिंह : मौलाना अबुल कलाम आजाद, देश के शिक्षा मंत्री थे। उनके समय में स्कूलों में सरस्वती वंदना और वंदे मातरम होता था, तो अब क्यों नहीं हो सकता। आप अपनी कौम के लोगों को गुमराह क्यों करते हैं। सरस्वती वंदना नहीं करते, तो कम से कम खड़े तो हो जाइए।

... (व्यवधान)

डा. शफीकुर्रहमान बर्क : मैं आपको बताना चाहता हूं कि वंदे मातरम और सरस्वती वंदना मुसलमानों के नजरिये के हिसाब से गलत है। वह शिर्क है। मुसलमान उस पर अमल नहीं कर सकते। जो भी चीज इस देश के अंदर होगी वह जम्हूरियत और कानून के जरिए से होगी और उस पर अमल किया जाएगा। इसलिए मैं चाहूंगा कि आज इस देश के अंदर मुसलमानों के साथ, इसाइयों के साथ जो अत्याचार हो रहे हैं या अब तक हुए हैं, उनको रोकने के लिए ऐसा कानून बनाया जाए जिससे अत्याचार बन्द हों और खासतौर से मुसलमानों को इस देश के अंदर जो सहूलियतें कानून के अंदर हासिल हैं, उनको वे नहीं दी गई हैं, वे उनको दी जाएं। यहां तक कि तालीम जैसी चीज नहीं दी गई है। हमारी कौम तालीम के लिए प्यासी है।

हमने इससे पहले भी मांग की थी कि मुसलमानों की तालीम के लिए स्पेशल कोटा मुकर्रर किया जाये और मुसलमानों को तालीम दिलाई जाये। आज आर्मी में जाट रेजीमैंट है, सिख रेजीमैंट है लेकिन आप मुसलमानों की भी कोई रेजीमैंट बताइये। आप हम पर एतबार कीजिये। अगर आप एतबार नहीं करेंगे

... (व्यवधान)

तो देश के अंदर किस तरीके से काम चलेगा। हमारी जो खिदमात है, हमने इस देश के अंदर जो कुर्बानियां दी हैं, हमने इस देश को संवारने के लिए अपना खून पसीना दिया है लेकिन इसके बावजूद हमारे साथ जब नाइंसाफी की जाती है, तो महसूस होता है कि हमें दो नम्बर का शहरी समझा जाता है, दो नम्बर का हमारे साथ सलूक हो रहा है। लेकिन हम इस देश के अंदर जिन्दा रहेंगे, इज्जत के साथ रहेंगे और अपने हकूक के लिए लड़ेंगे। कानून के दायरे में लड़ेंगे, जम्हूरियत के दायरे में रहेंगे और आपको हमारे हकूक देने होंगे। जब हम इस देश के अंदर रहने वाले हैं, इस देश में हमारा भी बराबर का हक है, तो कोई वजह नहीं है कि हमें इस देश के अंदर हक न मिले।

सभापति महोदय : लिहाजा अब समाप्त करिये।

डा. शफीकुर्रहमान बर्क : मैं पूरी बात कह लूं।

सभापति महोदय : मैं प्रोफेसर चन्दूमाजरा जी को बुला रहा हूं। आप खत्म करिये।

डा. शफीकुर्रहमान बर्क : मैं दो मिनट में समाप्त कर रहा हूं। बहरहाल आप मुझे मजबूर कर रहे हैं और बोलने नहीं दे रहे हैं। जब बाबरी मस्जिद शहीद हुई ... (व्यवधान) बाबरी मस्जिद की शहादत के बाद हाई कोर्ट ने ७.१.९३ को फैसला दिया और उसमें यह लिखाः

The hon. Supreme Court has provided that the best solution of the circumstances on revival of sites is, therefore, the maintenance of status quo as on 7.1.93 and the disputed area be managed and administered by Central Government as a statutory receiver.

लेकिन बाबरी मस्जिद को शहीद करने के बाद वहां पर राम मन्दिर बनाने की साजिश की जा रही है। मैं खुद ११ नवम्बर को अयोध्या गया था। मैंने अपनी आंखों से देखा है कि अयोध्या में एक कारखाने के अंदर पत्थर तराशे जा रहे हैं और मंदिर बनाने की तैयारी की जा रही है।

... (व्यवधान)

सभापति महोदय : अब आप जो बोलेंगे वह रिकार्ड में नहीं जायेगा। आप समाप्त करिये।

... (व्यवधान)

डा. शफीकुर्रहमान बर्क : सभापति जी, देश के अंदर इस किस्म के हालात पैदा करने की कोशिश न की जाये बल्कि वहां पर बाबरी मस्जिद तामीर कराई जाये। हाई कोर्ट में वह केस चल रहा है, कोर्ट जो भी फैसला देगी, हमारा कोर्ट पर

यकीन है। आप लोग उस पर यकीन नहीं रखते।

सभापति महोदय : अब सिर्फ प्रोफेसर चन्दूमाजरा जी जो बोलेंगे, वही रिकार्ड में जायेगा। आप बैठ जाइये।

... (व्यवधान)

डा. शफीकुर्रहमान बर्क : मैं एक शेर बोलकर खत्म कर रहा हूं।

... (व्यवधान)

आप सिर्फ एक शेर सुन लीजिए। वह शेर है:

कफ़स मंजूर है दारो रस्न भी,

बदलना है यह दस्तूरे चमन भी,

न छेड़ो मुझको दीवाना समझकर,

बदल दूंगा जमाने का चलन भी,

अभी समझा नहीं है, बर्क को तुमने,

है कौम का हामी, वफादार-ए-वतन भी।।

प्रो. प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (पटियाला) : चेयरमैन साहब, आपने मुझे बोलने का समय दिया, धन्यवाद।

सभापति महोदय : आप तो वैसे भी थोड़ा ही बोलते हैं।

प्रो. प्रेम सिंह चन्दूमाजरा : आज तो मैं ज्यादा बोलूंगा क्योंकि माइनौरिटीज और ऐट्रासिटीज का मामला है इसलिए समय लूंगा। अनेकता में एकता हमारे देश की महानता गिनी जाती है। हमको इस बात पर गर्व है कि बहुधर्मी, बहुभाषाई देश होने के बावजूद हमारा राष्ट्र एक है। हमारे देश के जो संविधान निर्माता थे उन्होंने माइनौरिटीज को सुरक्षा देने के लिए कुछ नियम बनाये थे, जे कि संविधान में दर्ज किये गये हैं। शायद उनको यह शंका थी कि कुछ लोगों के दिमाग में ऐसी बात आ सकती है और माइनौरिटीज पर अत्याचार हो सकता है।

कानून बना दिया गया, संविधान में दर्ज कर दिया गया, जैसा माननीय ग़ृह मंत्री जी ने कहा, और उसके अनुसार यह देश चल रहा है। यहां दो दिन से जो चर्चा चल रही है, कुछ लोग, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी राज में है, स्पैशली इसकी ओर इशारा करते रहे। मैं माईनौरिटी का हूं, मैं सब माईनौरिटी वाले लोगों को कहना चाहता हूं कि यदि देश को सही रूप में देखना है तो हमें पचास वर्षों की हाकिम जमात की नीति को देखना होगा कि कैसे-कैसै माईनौरिटीज के बारे में सोचा गया। इस सोच को लेकर जो सुरक्षा दी गई, उसका जिक्र माननीय ग़ृह मंत्री जी ने किया था, जैसे माईनौरिटी कमीशन बनाया गया, लेकिन हम देखते हैं कि माईनौरिटी कमीशन में मध्य प्रदेश, बिहार और बंगाल के अलावा किसी प्रदेश में किसी सिख को नुमाइन्दा नहीं लिया गया। माईनौरिटी कमीशन को कोई स्टैटयूटरी पावर्स नहीं है, वह किसी पर एक्शन नहीं ले सकता, उसकी रिपोर्ट पार्लियामैंट में लाजमी तौर पर पेश नहीं होती जो कि होनी चाहिए। मैं समझता हूं कि सब प्रदेशों में माईनौरिटी कमीशन लाजमी तौर पर होना चाहिए। बहुत सारे राज्य ऐसे हैं जिनमें नहीं है। इसलिए दंगाइयों को रोकने के लिए जो प्रोटैक्शन फोर्स बनाई गई, मैं समझता हूं कि उसमें माईनौरिटी कमीशन के लोग ही होने चाहिए। कानून सख्त होना चाहिए। यदि कानून सख्त होगा तो किसी की हिम्मत नहीं होगी कि किसी पर अत्याचार करे, किसी पर हमला करे। हमारी बदकिस्मती यह है कि कानून को सही रूप में लागू नहीं किया गया, विधान की नीति को सही रूप में लागू नहीं किया गया। मध्य प्रदेश में नन्स के रेप इसलिए हुए, क्योंकि यदि कानून का डर होता तो किसी की हिम्मत नहीं होती। ऐसे ही उत्तर प्रदेश में, राजकोट में बाईबल को जलाया गया, गुजरात में विभिन्न संस्थानों को नुकसान हुआ, कोयम्बटूर, हैदराबाद, मुम्बई में मुसलमान सम्प्रदाय के लोगों को मारा-पीटा गया, उनका नुकसान हुआ। यदि सही रूप में कानून लागू होता तो ऐसा करने की किसी की हिम्मत नहीं होती।

मैं अपने सम्प्रदाय के बारे में कहना चाहता हूं। इस देश में सिख सम्प्रदाय सबसे कम है। यह सब जानते हैं कि आजादी के संघर्ष में, आजादी लाने के लिए और उसे बरकरार रखने में सबसे ज्यादा योगदान सिखों का है। यदि पोर्ट ब्लेयर का रिकार्ड देखें तो उसमें सबसे ज्यादा गिनती सिखों की है, यदि फांसी का रस्सा चूमने वाले लोगों को देखा जाए तो भगत सिंह और राजगुरू जैसे ९३ प्रतिशत सिख थे। यदि जायदाद उजाड़े को सहन करने की बात हो तो उसे ९३ प्रतिशत सिखों ने सहा। आजादी के लिए जो थ्री नेशन थ्योरी थी - अंग्रेजों की थ्री नेशन थ्योरी सबसे पहले मास्टर तारा सिंह ने फेल की और लाहौर में जाकर पाकिस्तान का झंडा फाड़ा। उस समय की कांग्रेस ने, जिसमें गोपी चंद भार्गव भी शामिल थे, और बड़े नेता थे, मास्टर तारा सिंह को हिन्दू-सिखों का डिक्टेटर बनाया था। दुख की बात यह है कि आजादी के बाद आजाद भारत में यदि सबसे पहले किसी गुट को हथकड़ी लगी तो मास्टर तारा सिंह के गुट को लगी। मैं उस समय के हाकिम लोगों से पूछना चाहता हूं कि कौन जिम्मेदार था? मास्टर तारा सिंह के गुट को हथकड़ी क्यों लगाई गई, क्यों कहते थे हिन्दू-सिख एकता जिन्दाबाद, पंजाबी सूबा जिन्दाबाद,

हरियाणा स्टेट जिन्दाबाद। किसलिए उनको आजाद भारत में गिरफ्तार किया। आजादी के तीन महीने बाद ही सिखों को जरायमन पेशा करार देने के लिए एक लैटर निकाला गया। महात्मा गांधी और पंडित नेहरू ने सीसगंज में खड़े होकर कहा था कि सिखों ने आजादी के संघर्ष में जो हिस्सा दिया है, ऐसा खित्ता चाहिए जहां वे आजादी का आनंद मान सकें। महात्मा गांधी और नेहरू का आपने यह रूल लागू किया। इस देश में सब प्रदेश भाषा के आधार पर बने। हमारी मां बोली पंजाबी को धर्म से जोड़ दिया गया जबकि वह इलाकाई बोली थी। पंजाबी सूबा बनाने के लिए हजारों लोगों को जेल जाना पड़ा, गोलियां खानी पड़ीं, उसके लिए कौन जिम्मेदार थे। ... (व्यवधान) सबसे ज्यादा दुखदायी बात हमारे ऊपर उस समय गुजरी, जब हमारे सबसे प्यारे, सबसे उच्च स्थान, श्री अकाल तख्त साहब पर भारतीय फौज का हमला कर दिया।

जो फौज दुश्मन के साथ लड़ती है, उस फौज को उस स्थान को गिराने के लिए भेज दिया, जिसके चार दरवाजे हैं। जहां से आवाज आती है कि 'मानस की जात, सबै एकौ पहचानबो', जहां राम की बात होती है, जहां फरीद की बात होती है, जिसके चार दरवाजे सब धर्मों के लोगों के लिए हैं, जिसकी नींव साईं मियां पीर ने रखी, उस स्तान को टैंक से उजाड़कर गिराने के लिए भेज दिया।

यह इतिहास है कि जिसने श्री अकाल तख्त के ऊपर कोई हमला किया, जिसने हरमंदिर साहब को गोली मारी है, सिखों ने उसको कभी नहीं बख्शा। इतिहास दोहराया जाता है, उसका रिएक्शन हुआ और रिएक्शन के बाद एक सिख सम्प्रदाय का जैसा कत्ले आम हुआ और नन्हें-नन्हें बच्चों के गले में टायर डालकर जलाया गया, हजारों औरतों को विधवा बना दिया। आज दिल्ली और देश की सड़कों पर खून बहाकर लहूलुहान कर दिया।

इन चुनावों में मैं गया। एक घर में एक माई रो रही थी। उसके घर में उसकी तीन लड़कियां विधवा बैठी थीं, चार पुत्रवधू विधवा बैठी थीं। उनके नन्हें-नन्हें बच्चे मुझसे पूछ रहे थे कि कौन विदेशी हमलावर लोग थे, जिन्होंने हमारे मां-बाप को मारा? हमारे पास इसका क्या जवाब है? सबसे ज्यादा दुख इस बात का है कि प्र शासन की उनको शह थी, पुलिस तमाशा देखती रही और तीन दिन तक कत्ले-आम होता रहा और किसी ने पूछा तक नहीं। मुझे इस बात का खेद है, देश की पार्लियामेंट बैठी है, सबसे बड़ी पंचायत बैठी है, यहां दो दिन से इस पर चर्चा हो रही है कि अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहे हैं, सब ने बोला, कांग्रेस वालों ने भी बोला, मैं पूछना चाहता हूं कि कोई छोटा सा एक्सीडेंट हो जाये तो हमें अफसोस होता है, यहां १० हजार के करीब लोग मारे गये, लेकिन अफसोस का एक शब्द भी नहीं कहा गया। जब इलैक्शन आता है तो करने वाले भी कहते हैं कि बहुत बुरी बात हुई है। मुझे बड़ी हैरानी होती है कि लोग रो रहे थे। श्री अटल बिहारी वाजपेयी के दिल में इन्सान की आत्मा थी, वे रो रहे थे। आडवाणी जी के दिल में इन्सान की आत्मा थी, वे रो रहे थे। मुलायम सिंह जी रो रहे थे, पासवान जी रो रहे थे, चन्द्रशेखर जी रो रहे थे, मगर दुख इस बात का है कि उस समय के जो हाकिम लोग थे, उनके लीडर ने क्या बोला, जब प्रैस वालों ने पूछा तो उन्होंने हंसकर कहा कि जब बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती कांपती है। क्या यह हम भूल सकते हैं? यहां कल मेरे माननीय दोस्त श्री इन्द्रजीत गुप्त जी कह रहे थे कि सिखों ने कांग्रेस को वोट डाल दी, मैं इसीलिए कह रहा था कि कभी भूल नहीं सकते। ऐसे अत्याचार, ऐसे जुल्म हम तो दूसरे पर नहीं सह सकते, अपने पर जुल्म कैसे सह जाएंगे। हमें तो गुरु तेगबहादुर साहब ने कहा है,

'न भै काहूं को देत है, न भै मानत आन।' हम किसी को डराते नहीं, मगर डरते भी नहीं, यह हमारी सोच है।

मैं यह कहना चाहता हूं कि चुनाव के समय तो सब कह देते हैं। आज यह पार्लियामेंट बैठी है, अगर आप हमको इस देश के शहरी समझते हैं, अगर हमको माइनोरिटी को प्रोटैक्शन देना चाहते हैं, तो मैं कहना चाहता हूं, आज अपनी सरकार को भी कहना चाहता हूं कि सरकार की तरफ से रैजोल्यूशन आना चाहिए कि १९८४ का जो कत्ले-आम हुआ, उसकी निन्दा होनी चाहिए, उस पर अफसोस होना चाहिए। पिछले सैशन में बोला गया था, हमें कमिटमेंट दी गई थी कि आज गृह मंत्री जी को कहना चाहूंगा कि यह सरकार की ओर से आये। आज कोई एक व्यक्ति भी इसका विरोध नहीं करेगा। हमें तसल्ली होगी कि हम इस देश के शहरी हैं। दूसरे जो कातिल थे, उनको सजा होनी चाहिए और जो अदालतों ने मुआवजा तय किया, वह मुआवजा मिलना चाहिए। आज सबसे बड़ी मांग है कि प्रधान मंत्री जी से भी हमें इस बात का थोड़ा सा रोष है कि हमने सोचा था कि जिन लोगों ने इतना कत्ले-आम किया है, उनको दुनिया के सामने नंगा किया जायेगा।

रामकृष्ण कमीशन भी बैठा, जैन कमीशन भी बैठा तो क्या आप हमारे लिए कोई कमीशन नहीं बिठा सकते? हम आज भी मांग करते हैं कि कोई स्क्रूटनी कमीशन बैठे और लोगों को पता तो चले कि इसके पीछे किसका हाथ था। दिल्ली हाई कोर्ट ने फैसला किया कि यह जो इनहयूमन किलिंग हुई हैं, इसके पीछे कोई बहुत बड़ी साजिश थी और उस साजिश का पता होना चाहिए। मैं गृह मंत्री जी को कहना चाहूंगा कि स्क्रूटनी कमीशन बिठाया जाये और तब पता चल जाये कि सच्चाई क्या है, कौन लोग इसके पीछे हैं।

जब ऐसा बात आती है हम थोड़ा सा यह महसूस करते हैं कि हमारे साथ इन्साफ नहीं हो रहा है। हमने पानी मांगा, हमने कहा कि कानून के अनुसार, विधान के अनुसार पानी का फैसला कर दो, तो हमें इन्साफ नहीं मिला। हमारी राजधानी पर कब्जा कर लिया गया। आज कोई भी ऐसा प्रदेश नहीं है, जिसकी राजधानी न हो, सिर्फ पंजाब ही ऐसा प्रदेश है, क्योंकि वहां सिख रहते हैं, इसलिए उनके साथ ऐसा बर्ताव किया जा रहा है। इसी तरह से पंजाब का जो भाखड़ा डैम है, उसको सेंट्रल गवर्नमेंट ने अपने अधिकार में ले लिया, जबकि ऐसा किसी अन्य प्रदेश के डैम के साथ नहीं हुआ। हम राज्यों को और पावर देने की बात करते हैं। अगर राज्य मजबूत होंगे तो केन्द्र अपने आप आगे बढ़ सकता है इसलिए राज्यों को ज्यादा पावर देनी होगी। भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगियों की सरकार ने अपने राष्ट्रीय एजेंडा में इस बात को रखा है। आज सारा देश यह कह रहा है, जबकि हम बहुत समय से कहते आ रहे हैं, लेकिन उस समय हमारी इस बात को नहीं माना गया। हम पानी का गिलास भी मांगते थे तो दूसरी नजर से हमारी तरफ देखा जाता था। कल हमारे वरिष्ठ साथी इन्द्रजीत गुप्त जी ने कहा कि सिख अ लगाववाद की बात करते हैं। मैंने पहले भी कहा था, फिर कहना चाहता हूं कि सिख सम्प्रदाय के लोगों ने अपनी किसम्त को इस देश के साथ जोड़ा है। गुरूतेग बहादुर जी कहा करते थे- बांहि जिनों की पकड़िए, फिर बीचे बांहि न छोड़िए। मैं कहना चाहता हूं कि सिख अपना गला कटवा सकते हैं, सिख मर सकते हैं, लेकिन इस देश की आजादी को खराब नहीं होने देंगे।

जब पाकिस्तान और चीन से हिन्दुस्तान की जंग हुई तो किसी भी सिख ने पीठ पर गोली नहीं खाई, सबने छाती पर गोलियां खाईं। हमारी बहनों ने मोर्चे पर जाकर फौजियों को परौंठे खिलाए और लस्सी पिलाई। इसीके मद्देनजर उस वक्त यहां रकाबगंज गुरूद्वारा में करीब दो लाख लोगों को सम्बोधित करते हुए श्री लाल बहादुर शास्त्री ने कहा था कि देश को गौरव है, मान है कि हमारे देश में सिख ऐसी कौम है जिसके बल पर हम दुश्मन का मुकाबला कर सकते हैं।

मुझे दुख है कि फौज में भर्ती पर रोक लगा दी गई है। कहा गया है कि पापुलेशन की रेशो से भर्ती होगी, फिर अफसरों के लिए भी ऐसा ही करो। हमारा कोई व्यक्ति सुप्रीम कोर्ट में जज नहीं है, किसी अन्य राज्य के हाई कोर्ट में जज नहीं है। पंजाब में भी केवल चार जज हैं। किसी भी सलेक्शन बोर्ड में हमारा प्रतिनिधि नहीं है, किसी एक्जीक्यूटिव पोस्ट में नहीं है, न डिफेंस में है और न ही सेमी डिफेंस में है। मैं कहना चाहता हूं कानून सबके साथ एक होना चाहिए। किसी विशेष सम्प्रदाय को रोकने के लिए कोई कानून बनाया जाता है तो हमें दुख होता है।

लखीमपुर खीरीं में निगासन तहसील में हमारी कौम के १५०-२०० परिवार ३०-४० बरस से रह रहे हैं। उन्होंने वहां जंगल को आबाद किया। अब उन पर सी.आर.पी.एफ. का पहरा बिठा दिया है और उनकी जमीन कब्जे में करने की कोशिश हो रही है। इस तरह से वे १५०-२०० परिवार उजड़ने के कगार पर हैं, उन्हें बचाने की जरूरत है। देहरादून में गुरू रामदास अकादमी पर अटैक हुआ। कुछ शरारती लोगों का यह काम था, लेकिन एक भी व्यक्ति को अरेस्ट नहीं किया गया। इसी तरह से गाजियाबाद में बिछौली में एक गुरूद्वारा है। हमने गृह मंत्री जी को, वहां के मुख्य मंत्री जी को लिखा, लेकिन कोई एक्शन नहीं हुआ। साथ में मंदिर तो बन गया, लेकिन गुरूद्वारा बनने से रोक दिया गया। ऐसी बातें होती हैं तो हमे दुख होता है। हम इस देश में मान और सम्मान से रहना चाहते हैं। हमने इस देश के साथ अपनी किस्मत को जोड़ा है इसलिए हमारा जो दर्द है उसको सुना जाए और दूर किया जाना चाहिए।

मैं समझता हूं अल्पसंख्यकों पर जो भी दल जुल्म करेगा, अत्याचार करेगा, उसको वही नतीजे भुगतने पड़ेगे, जो कांग्रेस ने भुगते हैं। उन्होंने भी कभी सिख सम्प्रदाय पर जुल्म और अत्याचार किए थे। इसलिए यह एक सबक है और इससे सबको सीख लेनी चाहिए। हम लोगों के दर्द को गृह मंत्री जी अच्छी तरह से जानते हैं। मैं इनसे निवेदन करना चाहूंगा कि १९८४ में जो कत्लेआम हुआ था उसके लिए यहां अफसोस प्रकट किया जाए और दुखी परिवारों के साथ सहानुभूति जाहिर की जाए। इसी तरह से १९८४ में भारतीय फौज का जो हमला हुआ उसकी निंदा की जाए। जो हमारी लीडरशिप की निंदा करना चाहते हैं, उनकी भी निंदा होनी चाहिए।

विश्व हिन्दू परिषद ने सरदार गुरचरण सिंह तोहड़ा जी के बारे में बयान दिया है। मैं चाहूंगा गृह मंत्री जी स्थिति स्पष्ट करें कि वी.ए.पी. के साथ भारतीय जनता पार्टी का क्या रिश्ता है।

इनके साथ अपना रिश्ता जोड़ा है। इस सरकार को हमने सपोर्ट दिया है। लेकिन विश्व हिन्दू परिषद अगर गुरचरण सिंह तोहड़ा जो एक व्यक्ति हैं और सिखों की एक चुनी हुई संस्था के प्रधान हैं और प्रधान भी लगातार पच्चीस वर्ष से चले आ रहे हैं और मैं समझता हूं कि इस पार्लियामेंट में जहां देश के बड़े नेता को इतने ज़ुल्म, अत्याचार सहने पड़े हो, जिसने मिलिटेंटस के अटैक भी सहे हों और मिलिटेंटस ने तोहड़ा जी का एक हाथ उड़ा दिया और ऐसे व्यक्ति को यदि कोई टच भी करे तो गृह मंत्री जी को इसकी निन्दा करनी चाहिए, सरकार की ओर से निन्दा जरूर होनी चाहिए। अगर निन्दा नहीं होती है तो जरूर शक पड़ता है कि ये इनको बढ़ावा दे रहे हैं। इस देश में माइनॉरिटीज के धर्म, धर्म-स्थल, भाषा और कल्चर की प्रोटेक्शन होनी चाहिए और जब इस प्रकार से हमला होता है तो सरकार को प्रोटेक्ट करना चाहिए।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

>1707 hrs. (Shri K. Yerrannaidu in the Chair)

श्री राम विलास पासवान (हाजीपुर): सभापति जी, मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं कि आपने इस महत्वपूर्ण मुद्दे को लिया है और मैं सदन को भी धन्यवाद देना चाहता हूं कि पहली बार मैं देख रहा हूं कि थोड़ी नोंक-झोंक के बावजूद भी शांति पूर्ण तरीके से इस मुद्दे पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। मैं आज कोशिश करूंगा कि जो बहस का मुद्दा है, थोड़ा-बहुत कंट्रोवर्शियल होकर इस तरह का रहे कि हम लोग गंभीरता से उस पर विचार कर सकें।

सबसे पहली बात है कि जो माइनॉरिटीज हैं, अल्पसंख्यक शब्द है, हम यदि उसकी सही व्याख्या करना सीख लें तो मैं समझता हूं कि यह नफरत का वातावरण नब्बे प्रतिशत दूर हो जाएगा। आज इस देश में कौन माइनॉरिटीज के लोग हैं- जैसे मुसलमान, क्रिश्चियन, सिख, बुद्ध, पारसी और जैन हैं। हालांकि ऐसा बहुत लोगों ने कहा। लेकिन यदि इन छ माइनॉरिटीज को यदि हम देखेंगे और इनके इतिहास में जाएंगे तो मुझे नहीं लगता है कि इनमें से कोई भी माइनॉरिटीज के लोग विदेशी लोग हैं। झगड़ा तब होता है जब देशी और विदेशी का मामला उत्पन्न हो। तब हम इस झगड़े को समझ सकते हैं। बाबर और इब्राहिम लोदी के बीच में झगड़ा हुआ था। उस समय इब्राहिम लोदी देश की गद्दी पर था और बाबर ने १५२६ में चढ़ाई की थी। एक देशी और एक विदेशी था। इस झगड़े को हम समझ सकते हैं लेकिन आज हिन्दू मुसलमान के बीच में झगड़े की बात करते हैं। इसमें कौन देशी हैं, कौन विदेशी हैं? विदेशी कौन होता है? विदेशी वह होता है जो अपने देश को चला जाता है। जो जिस देश की मिट्टी में मिल जाता है, वह विदेशी नहीं रहता। इस समय एक भी अंग्रेज देश में नहीं है, एक भी गोरा नहीं है, जो थे, वे सब अपने-अपने देश को चले गये तो वे विदेशी हैं। लेकिन जो लोग देश में आकर इसी देश को संवारने, बनाने में लग गये और यदि हम उनके ५०० साल के इतिहास में जाएंगे तो फिर हमें ५००० साल पुराने इतिहास में जाना पड़ेगा, जो बड़ा दुखदायी होगा। यदि आप पांच-छः पीड़ी पीछे चले जाइए, एक भाई हिन्दू तो एक भाई मुस्लिम मिलेगा। गूजर की बस्ती में चले जाइए तो एक भाई हिन्दू तो एक भाई मुस्लिम मिलेगा। कश्मीर में चले जाइए, वहां आज भी अस्सी-नब्बे प्रतिशत मुसलमान हैं, लेकिन वहां आज भी पंडित मौलाना का टाइटल एक साथ 'पंडित पन्ना मौलाना' चलता है।

जहा जाट हैं तो जाट के यहां भी मुसलमान बना है। कहीं बुनकर के यहां मुसलमान बना है, कहीं दलित है तो दलित के यहां मुसलमान बना है, इसलिए यह कहना कि मुसलमान बाबर की औलाद है, जब इस तरह की भाषा का प्रयोग होता है, चाहे आवेश में प्रयोग होता है तो मैं यह समझता हूं कि यह सही नहीं है। हम ठंडे दिमाग से सोचें और सात-आठ-नौ-दस पीड़ी पीछे जाकर देखें।

महोदय, हमारा भाई एक परिवार का हिन्दू है और दूसरे परिवार का मुसलमान है। फिर यह कहना कि बाबर से ही शुरु हुआ है वह ठीक नहीं है। बाबर जब देश की धरती पर आया था तो उस समय इब्राहीम लोदी राज कर रहा था, वह हिन्दू नहीं था। उसके पहले खिलजी वंश का राज था, तुगलक वंश का राज था, गुलाम वंश का राजथा, मोहम्मद गौरी का राज था। जो ११०० ईस्वी से चले आ रहे हैं। आज हम इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि जो क्रिश्चियन है, जैसे संगमा साहब हैं, अगर

कोई क्रिश्चियन को कह दे कि अंग्रेज की औलाद है तो कौन बर्दाश्त करेगा। क्रिश्चियन कौन है, क्रिश्चियन आदिवासी हैं, ६० प्रतिशत क्रिश्चियंस में दलित क्रिश्चियंस हैं।

महोदय, चंदूर की घटना घटी लेकिन कोई आदमी नहीं जान पाया। जब हम वहां से न्याय ज्योति लेकर चले थे तो चंदूर का हर दलित, चाहे वह दलित है या दलित क्रिश्चियन है, वह क्रिश्चियन है। क्या एक भी गोरा आदमी क्रिश्चियन है, सारे के सारे क्रिश्चियन कनवर्टिड हैं, आदिवासी से कनवर्टिड हैं या बैकवर्ड क्लास से कंवर्टिड हैं और अपर क्लास से भी कंवर्टिड हो सकते हैं। आज हम जिस उद्देश्य को लेकर झगड़ा कर रहे हैं, जैसे क्रिश्चियन यहां विदेशी हो गया हो। सिख धर्म की स्थापना केश, कंघा, कच्छा, कृपाण और कड़ा को लेकर हुई थी। इस तरह की स्थापना से परिवार में सबसे बड़ा भाई सिख होता था तथा छोटा भाई हिन्दू होता था। जैसे टोहरा जी, बादल जी और बरनाला साहब एक ही कम्युनिटी के हैं। कोई मजहबी सिख है- जैसे बूटा सिंह जी हैं। इसमें कौन विदेशी है? यहां हिन्दू और सिख का झगड़ा हो रहा था, हमने देखा था। हमारा घर १२, राजेन्द्र प्रसाद रोड पर था। कर्पूरी ठाकुर जी भी थे लेकिन हम लोग बचा नहीं पाए, किसी तरीके से हम लोग बच गए। एक डेढ़ साल का बेटा था उसको हमने नीचे फेंक दिया था। उस समय किस तरह घर जलाए गए थे। जब बाबरी मस्जिद का मामला आया था, हम लोग तिलक नगर थाने में दस हजार दलित लोगों के साथ बंद थे। हम लोगों के घर जलाने का काम किया गया। हम दलित वर्ग से आए थे। हमने मंडल कमीशन के कारण बहुत गाली सही लेकिन मंडल कमीशन से हमें कोई फायदा होने वाला नहीं है। हमें फायदा था क्योंकि वह पिछड़ी जाति के लिए था लेकिन यह कमिटमेंट पिछड़ी जाति के लिए था। यहां सारे साथी बैठे हुए हैं। हम लोग नारा लगाते थे- 'पिछड़ा पावे सौ में साठ, राज-पाट है किस के हाथ, अंग्रेजी और ऊंची जात, ऊंची जात की क्या पहचान, गिट-पिट बोले करे न काम, छोटी जाति की क्या पहचान, करे काम और सहे अपमान' यह नारा लगाने का काम करते थे। यह मुसलमान के लिए कमिटमेंट है। याद रखिए देश में जब तक कमिटमेंट नहीं होगा, हमेशा सोचना चाहिए कि यदि औरत और मर्द में झगड़ा हो तो औरत की लाख गलती होने पर भी उसका साथ देना चाहिए। यदि हथियार वाला और बिना हथियार वाले में झगड़ा हो तो बिना हथियार वाले की लाख गलती होने पर भी उसका साथ देना चाहिए। जनता और सरकार के बीच में झगड़ें हो तो जनता की लाख गलती हो तो भी जनता का साथ देना चाहिए, क्योंकि जिसके पास पावर होती है वह ज्यादा एट्रोसिटीज़ करता है और जिसके पास पावर नहीं होती है वह कम करता है। मैंने शुरु में कहा कि यदि हम इस शब्द की व्याख्या करना सीख जाएं कि माइनोरिटीज़ कौन हैं, उसके आधार पर हम चलने का काम करें तो मैं समझता हूं कि हमारे में स्वयं एक भावना पैदा होगी कि हम जिसके खिलाफ लड़ रहे हैं, यह हम और वे एक ही खून है। नकवी और पासवान में कोई डिफरेंस नहीं है। छः-सात पीढ़ी के ऊपर एक ही मां-बाप के हम दो संतान होंगे। उसी तरीके से हिन्दुस्तान और पाकिस्तान का मामला है। जब भी मुसलमान का मामला आता है तो पाकिस्तान के साथ में जोड़ दिया जाता है। याद रखिए, यहां डिफेंस मिनिस्टर नहीं हैं हम उन्हें बताएंगे कि प्रत्येक साल २५,०००-३०,००० करोड़ रुपया हम हथियार पर खर्च करते हैं और इतना ही खर्च पाकिस्तान भी हथियार पर खर्च करता है। दोनों देशों का ४०,०००-५०,००० करोड़ रुपए अमेरिका के यहां जा रहा है। आज कोई रूस भी नहीं है एक देश अमेरिका है जो उसे एफ १६ देता है और हमें कहता है कि आप एफ १७ ले लो। आपने एटम बम बनाया है अगर हिम्मत है तो एक बार पाकिस्तान को उड़ा दीजिए, लेकिन आप ऐसा नहीं कर सकते हैं। पाकिस्तान भी हिन्दुस्तान को नहीं उड़ाएगा और एटम बम कभी सेल्फ डिफेंस के लिए नहीं बनता है। एटम बम पर हम जितना भी गर्व करें वह चाहे इस्लामाबाद में गिरे तो भी दिल्ली साफ हो जाएगी और वह दिल्ली में गिराएगा तो उनका इस्लामाबाद भी साफ होने वाला है।

हम इस बात को जानते हैं कि न हिन्दुस्तान पाकिस्तान को खत्म कर सकता है और न पाकिस्तान हिन्दुस्तान को खत्म कर सकता है। जिस देश में ६ लाख गांवों में से २ लाख गांवों में पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है, जहां सबसे ज्यादा अंधे, लंगड़े, लूले और गरीब हैं, जहां गरीबी की समस्या भयावह है, उस देश में दोनों तरफ से क्या आप युद्ध का वातावरण क्रिएट करते रहेंगे? न हिन्दुस्तान का नागरिक और न ही पाकिस्तान का नागरिक युद्ध चाहता है। जब हमारे पेट में दर्द होता है तो हम दस गाली पाकिस्तान को देते हैं और जब पाकिस्तान को कुछ होता है तो वह दस गाली हमें देता है। हम देश की जनता को मूर्ख बनाने का काम कर रहे हैं। मैं सरकार की बात कर रहा हूं, कोई पार्टी की बात नहीं कर रहा हूं। जर्मनी और जापान के पास एटम बम नहीं है। क्या उसका वीटो किसी देश से कम चलता है? याद रखिए जो देश खुशहाल होता है, उसका वीटो चलता है। हम चाहे लाख एटम बम बना लें, हमारा देश कमजोर रहेगा।

हमारी सीमा चारों तरफ से माइनॉरिटीज से घिरी है। जम्मू-कश्मीर में मुसलमान हैं, पंजाब में सिख हैं, लद्दाख में बुद्धिस्ट हैं और नॉर्थ ईस्ट में, मिजोरम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, त्रिपुरा में क्रिश्चियन हैं। जब तक सीमा मजबूत नहीं होगी तब तक देश मजबूत नहीं होगा और वहां से विदेशियों के घुसने का खतरा रहेगा। जब तक माइनॉरिटीज के मन में विश्वास की भावना पैदा नहीं होगी, उन्हें जब तक एक नम्बर का नागरिक नहीं माना जाएगा तब तक देश मजबूत नहीं हो सकता। हमने अमेरिका में बहुत अच्छी चीज देखी। आडवाणी जी भी अमेरिका जाते हैं। वह वहां भाषण करते हैं। अमेरिका में चाहे हिन्दुस्तान मूल का कोई व्यक्ति हो या दूसरे किसी देश का नागरिक हो, वह अमेरिकन होने पर गर्व करता है क्योंकि वहां की सरकार ने उनके मन में यह पैदा नहीं होने दिया कि आप हिन्दू हो, मुसलमान हो। उसे यही महसूस होता है कि सभी चीजों में उसे बराबर का हक मिला है।

मैं जैन साहब का बहुत आदर करता हूं। वह कल बहुत सी बातें कह रहे थे। मैं दलित परिवार में पैदा हुआ हूं। बाबा अम्बेड़कर को जब बुरा-भला कहा जाता था तो एक बार महात्मा गांधी ने कहा था कि अम्बेड़कर साहब जो कहते हैं, उसे उस दृष्टिकोण से देखो। अगर तुम अम्बेड़कर की जगह होते तो तुम्हारे मन पर क्या गुजरती? इस बारे में सोचो। माइनॉरिटीज की एक साइकॉलोजी होती है। वह अपने अधिकारों को मांगने की कोशिश करते हैं। उस अधिकार को मैजोरिटी के आधार पर तोलना शुरु कर देंगे कि हम ८५ परसैंट हैं, हमने रहम करने का काम किया है तो यह ठीक नहीं होगा। याद रखिए परिवार में बड़ा भाई छोटे भाई पर अहसान जताने की कोशिश करता है तो छोटा भाई अगर कुछ कहना शुरु करता है तो उसका गलत परिणाम निकलता है। इसलिए यह बात मन में नहीं आनी चाहिए कि हम मैजॉरिटी में हैं और हम माइनॉरिटीज पर अहसान कर रहे हैं। मुझे इस बात की खुशी है कि कल आडवाणी जी ने इस बात को क्लैरिफाई किया। उन्होंने कहा कि यह मैजॉरिटी और माइन्ररिटी का सवाल नहीं है, यह भारत के संविधान का सवाल है। संविधान के अनुसार उन्हें हक मिला है। यह देश की आजादी का सवाल है। आप अणु बम पर गर्व कर रहे हैं। क्या उसमें डाक्टर कलाम का कम हाथ है? जब देश की आजादी के लिए लड़ाई हो रही थी तो खुदी राम बोस जो हिन्दू थे, ने फांसी के फंदे को चूम लिया। सरदार भगत सिंह जो सिख थे, उन्होंने फांसी के फंदे को चूम लिया। फांसी के फंदे को अश्फाक उल्ला खां जो मुसलमान थे, उन्होंने कहा था कि 'सर फरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है, देखना है, जोर कितना बाजू-ए-कातिल में है।' इतना कह कह उन्होंने फांसी के फंदे को चूम लिया। मैं एक बात कहना नहीं चाहता था लेकिन मुझे कहनी पड़ रही है। मैं जब रेल मंत्री था। एक उदघाटन के समय अब्दुल हमीद की पत्नी ने आकर कहा कि आप मेरे ऊपर एक मेहरबानी कीजिए। उसने कहा कि मुझे सैकिंड क्लास का पास दिला दीजिए क्योंकि मुझे एक स्टेशन जाना पड़ता है और मेरे पास टिकट के लिए पैसे नहीं हैं। मैंने कहा कि माता जी, आपके बलबूते पर हम राज कर रहे हैं।

और आपको एक सैंकिड क्लास का पास चाहिये। जब हमने पूछा कि आपके बच्चे क्या करते हैं तो बताया कि दो बच्चे हैं, एक मैट्रिक पास है और दूसरा पोस्टआफिस में प्युन का काम करता है। महीने में १० दिन काम मिलता है और बाकी २० दिन घर पर बैठा रहता है। हमने उसी समय उनके लिये ए.सी. फर्सट क्लास का पास जारी कर दिया और कहा कि चाहे जो हो आप जिन्दगीभर के लिये आराम से रह सकते हो। उनके दोनों लड़कों को रेलवे में नौकरी दिलवाई। मैं

सब साथियों से कहना चाहता हूं कि कोई हिन्दू मुसलमान को लड़ाकर या मुसलमान के कंधे पर चढ़कर राजनीति नहीं कर सकता । देश को मजबूत करने के लिये राजनीति होती है, देश को टुकड़े-टुकड़े में बांटने के लिये राजनीति नहीं होती सिर्फ हिन्दू-मुसलमान के नाम पर, जाति या धर्म के नाम पर राजनीति नहीं चलती है। हम कला क्षेत्र में देखते हैं कि मोहम्मद रफी, मुकेश, सुरैया, नूरजहां, लता मंगेशकर, आशा भोसले किसी से कम नहीं रहे हैं। खेल क्षेत्र में अजहरुद्दीन, गावस्कर और नया सितारा सचिन किसी से कम नहीं हैं। गांधी जी के साथ पं. जवाहर लाल नेहरु काम करते थे लेकिन मौलाना आजाद भी राष्ट्रभक्त की तरह उन लोगों के साथ काम करते थे। इसलिये सब चीज में धर्म को नही घसीटना चाहिये।

सभापति महोदय, यहां बार-बार हिन्दू धर्म की बात होती है लेकिन मैं उस बहस में नहीं जाना चाहता क्योंकि हमारे उधर बैठे हुये भाई ज्यादा पढ़े-लिखे हैं, वे संस्कृत और वेद पढ़ने वाले हैं, हमारी तरफ कम हैं। हमने वेद में हिन्दू शब्द कहीं नहीं देखा। दो-दो रामायण लिखी गई- एक बाल्मीकि ने लिखी तो दूसरी तुलसीदास ने लिखी। दोनों रामायण में कहीं भी हिन्दू शब्द का उल्लेख नहीं किया गया है। जो आप कहें मैं दंड भुगतने के लिये तैयार हूं यदि आप बतला दें कि वेद के अतिरिक्त उपनिषद, गीता या महाभारत में हिन्दू शब्द का कहीं जिक्र है। यहां सहनशीलता की बात की गई लेकिन हर चीज में हिन्दुत्व आता रहा है। जब हिन्दू शब्द ही नहीं तो हिन्दुत्व कहां से आया? हम बचपन में नौवीं कक्षा में पढ़ते थे कि कुछ विदेशी लोग सिन्धु आये थे और वे सिन्धु से उसको हिन्दू कहने लगे थे। हिन्दू शब्द की उत्पत्ति सिन्धु से हुई है। आप किसके लिये यह सब झगड़ा कर रहे हैं? मान लीजिये आज हिन्दू राष्ट्र की घोषणा हो जाये, उसके लिये क्या पद रहेगा? क्या हमारे प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दू नहीं हैं, उनके पहले वाले प्रधानमंत्री क्या हिन्दू नहीं थें, हमारे राष्ट्रपति, उप-राष्ट्रपति, लीडर आफ दी अपोज़ीशन या लोकसभा के अध्यक्ष हिन्दू नहीं हैं? दूसरी तरफ हमारे राज्यों के मुख्यमंत्रियों को ले लीजिये। उड़ीसा के मुख्यमंत्री श्री पटनायक, प. बंगाल के मुख्यमंत्री श्री बसु, बिहार की मुख्यमंत्री श्रीमती राबड़ी देवी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री...

MR. CHAIRMAN : Shri Ram Vilas Paswan, you have already taken twenty minutes. I request you to conclude your speech.

SHRI RAM VILAS PASWAN : Sir, I will finish my speech in another five minutes.

मैं कह रहा था कि जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री डा. फारूख, पंजाब के मुख्यमंत्री श्री बादल को छोड़कर बाकी सभी राज्यों के मुख्यमंत्री हिन्दू हैं, इसलिये हिन्दू राष्ट्र कहने से क्या फायदा? याद रखिये पानी मुसलमान के लिये ठंडा है तो हिन्दू के लिये भी ठंडा है। आग में हिन्दू जलता है तो मुसलमान भी जलता है। जैसे पानी और आग का कोई धर्म नही, उसी तरह राष्ट्र का भी कोई धर्म नहीं है। राष्ट्र न हिन्दू होता है और न मुसलमान। राष्ट्र का एक काम होता है- लोगों का कल्याण करना, लोगों को रोज़ी-रोटी देना। धर्म और जाति का नारा वही लोग लगाते हैं जिनके पास आर्थिक मुद्दा नहीं होता। इस देश में धर्म और जाति का मुद्दा एक बार चल सकता है। लोगों के लिये परमानेंट मुद्दा उनके लिये आर्थिक विकास और रोजगार देना है। आप और मैं चाहे लाख कोशिश कर लें कुछ नहीं हो सकता है। हम लोगों ने मंडल कमीशन लागू किया। उस समय यह सोचा कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक ८५ प्रतिशत हमारे साथ आ जायेगा और सारा राजपाट हमारे साथ चलेगा परन्तु हम ८५ से ६ पर चले आये। इसी प्रकार यदि धर्म का नारा लगाकर आप १८२ पर पहुंचे हैं, कहीं ऐसा न हो कि आप १०६ पर आ जायें

... (व्यवधान)

मैं इस बात से सहमत हूं। दिग्विजय सिंह जी अभी नहीं हैं। वे समता पार्टी के हैं। आज एशियन एज में उनका बयान आया है। उन्होंने कहा कि यह सरकार अंडर प्रेशर काम करती है। उन्होंने शिवसेना का नाम नहीं लिया। मैं नहीं कहता कि वह गलत काम करते हैं या सही काम करते हैं, लेकिन सरकार सरकार है। जब सरकार लिखा जाता है तो वह भारत सरकार लिखा जाता है -- वह न बीजेपी की सरकार होती है, न यूनाइटेड फ्रंट की सरकार होती है। वह भारत सरकार होती है और आपको भारत सरकार की हैसियत से फैसला लेना चाहिए। हम जानते हैं कि आपके चार विंग हैं। बजरंग दल अलग है। आप लाख कहें वह आपकी बात मानने वाला नहीं है। आप लाख कहें वी.एच.पी. आपकी बात मानने वाला नहीं है। आर.एस.एस. को आप लाख कहें, वह आप पर कंट्रोल कर सकता है लेकिन आप उस पर कंट्रोल नहीं कर सकते। मैं आपकी काबलियत को भी जानता हूं कि आप सुबह सवेरे पांच बजे उठकर दिल्ली में गणेश जी को दूध पिला सकते हैं तो आप इंग्लैण्ड में भी उनको दूध पिला सकते हैं। हमारे पिताजी भी संत थे। आप याद रखिये कि गणेश जी दूध नहीं पीते थे, वे लड्डू खाते थे। हम बचपन में पढ़ते थे --

'जय गणेश जय गणेश जय गणेश देवा।

माता जिनकी पार्वती पिता महादेवा।'

पान चढ़े फूल चढ़े और चढ़े मेवा।

लडुअन का भोग लगे संत करें सेवा।'

इसलिए गणेश जी लड्डू खाते थे और आप लोगों ने गणेश जी को दूध पिला दिया तो यह आपकी काबलियत है।

मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि आज भाषा का सवाल है। हम लोग आज़ादी के पचास साल बाद अंग्रेज़ी भाषा को ढोते जा रहे हैं। अंग्रेज़ी नंबर एक की भाषा है और उस पर किसी को कोई आपत्ति नहीं है लेकिन जहां कहा कि उर्दू को बनाओ तो हंगामा हो जाता है। मैं आडवाणी साहब से पूछना चाहता हूं कि रोज़ यहां वंदे मातरम् और सरस्वती वंदना गाने का सवाल आता है। हम लोग भी गाते थे, सब कुछ करते थे, लेकिन प्रकृति का एक नियम होता है। आदमी मुट्ठी बांधे बैठा रहता है लेकिन आप कहें कि मुट्ठी बंद रखो तो वह खुलती भी है। आप क्यों इसे कंपलसरी कर रहे हैं? मैं कहना चाहता हूं कि इस से लोगों को संदेह होता है। इसलिए सरस्वती वंदना का जहां सवाल आता है, वहां मैं कहना चाहता हूं कि आज हिन्दी में तो कंप्यूटर मिलता नहीं है फिर संस्कृत में पढ़कर कौन नौकरी पाएगा? अंग्रेज़ी का कंप्यूटर आसानी से मिल जाता है। हिन्दी पढ़ने वाला क्लास फोर का इंप्लॉइ होता है, क्लास थ्री का इंप्लॉई होता है लेकिन अंग्रेज़ी जानने वाला क्लास वन और टू का अधिकारी होता है। हिन्दी को तो आप रास्ते पर नहीं लाए और एक नयी संस्कृत पढ़ो कहते हैं। हम जानते हैं कि न आपके बच्चे और न हमारे बच्चे संस्कृत स्कूलों में जा रहे हैं। सब अंग्रेज़ी स्कूलों में पढ़ रहे हैं। हम लोग हिन्दी पढ़ते थे लेकिन जब देखा कि हिन्दी में नौकरी नहीं मिल रही तो सबने अंग्रेज़ी पढ़ना शुरू किया। इसलिए जिस बात का कोई मतलब नहीं है जिससे राष्ट्र को कोई फायदा नहीं है, जिसका संबंध किसी आर्थिक मुद्दे से नहीं है, उसको बिना मतलब विवाद में नहीं खींचना चाहिए और उसको एक प्रतिष्ठा का प्रश्न नहीं बनाना चाहिए। हम रेल मंत्री थे तो उमा भारती जी ने यहां मामला उठाया था। हमने प्रचार नहीं किया और मिनिस्ट्री ऑफ ऐजुकेशन को कहा कि बढ़िया राष्ट्रभक्ति के गाने बताओ और चाहे राजधानी ऐक्सप्रेस हो या शताब्दी ऐक्सप्रेस हो, हमने उनमें वे गाने चलाने का काम किया। जो काम करना है आप प्रेक्टिकल काम करिये। एक होता है ऐक्ट, एक होता है फैक्ट और एक होता है टैक्ट। आपका ऐक्ट अलग है, फैक्ट अलग है और टैक्ट नाम की कोई चीज़ ही नहीं है।

MR. CHAIRMAN: Please wind up. Actually, the time allotted for Janata Dal is one minute, but you have taken 25 minutes.

श्री राम विलास पासवान (हाजीपुर) : मैं एक बात और कहना चाहता हूं। आर्टिकल ३७० के मामले में मैं संविधान देख रहा था। आर्टिकल ३७० में विशेष प्रा वधान सिर्फ जम्मू-कश्मीर के लिए नहीं है।

३७८ में जो विशेष प्रावधान है वह महाराष्ट्र और गुजरात के लिए है। ३७१ में जो नागालैंड के लिए विशेष प्रावधान है, ३७१ बी. में असम राज्य के लिए प्रावधान है, ३७१ सी. में मणिपुर राज्य के लिए है, ३७१ डी. में आंध्र प्रदेश के लिए है, ३७१ एफ. में सिक्किम राज्य के लिए है। मैं आपसे यह कहना चाहता हूं कि हर स्टेट के लिए अलग-अलग प्रावधान हैं। लेकिन जब कभी मामला आता है तो कश्मीर का आता है।

सभापति महोदय, मैं होम मिनिस्टर साहब से एक बात और कहना चाहता हूं कि जब मैं मिनिस्ट्री में था तो हमने इनसे भी उस मामले को उठाया था। हमें मालूम नहीं है कि एस.पी.जी. और एन.एस.जी. में मुसलमान और सिख हैं या नहीं, इसका आप पता लगाइये। यदि नहीं हैं तो मैं समझता हूं कि यह एक बहुत खतरनाक स्थिति है। ठीक है, कभी-कभी इस देश में कोई घटना घट जाती है, लेकिन उसके कारण किसी समुदाय विशेष को कांस्टीटयूशन के मुताबिक डिबार नहीं किया जा सकता है। इसलिए मैं आपसे आग्रह करना चाहता हूं कि आप इस बात का पता लगायें कि एस.पी.जी. और एन.एस.जी. में माइनोरिटीज के इस क्लास का प्र तिनिधित्व है या नहीं। मेरे पास अधिक समय नहीं है।

सभापति महोदय, श्रीकृष्ण आयोग की रिपोर्ट में पी.ए.सी. का जो रोल है, उस रिपोर्ट में जो कहा गया है, एडमिनिस्ट्रेशन का जो रोल है, पार्टी का जो रोल होता है, वह बात समझ में आ सकती है, लेकिन जो एडमिनिस्ट्रेशन है यदि वह कम्युनलाइज हो जाएगा तो मैं समझता हूं कि यह देश के लिए बहुत खतरनाक स्थिति है। मैं श्री रघुवंश प्रसाद जी से एक बात कहना चाहता हूं कि हर एक रिलीजन का अपना तरीका होता है। हिदू रिलीजन हिंदुओं के मुताबिक गाइड होगा। जो सिख हैं, गुरूद्वारा उनके मुताबिक गाइड होगा। इसी तरह से सभी का होता है। लेकिन बिहार में जो बुद्ध विहार है, जहां भगवान बुद्ध ने दीक्षा प्राप्त की थी। लेकिन आज भी वह बुद्ध विहार गिरवी रखा हुआ है, वह बुद्धिस्ट के हाथ में नहीं है। वहां मेज्योरिटी हिंदुओं की है। यहां तक कि जो बुद्ध विहार का चेयरमैन है, वह कलक्टर होता है। लेकिन एक्ट में लिखा हुआ है कि यदि कलक्टर गैर हिंदू होगा तो वह कलक्टर चेयरमैन नहीं रहेगा। हम लोग आज से नहीं पिछले पांच साल से वहां के मुख्य मंत्री को लिख रहे हैं। श्री वी.पी. सिंह ने अपने समय में लिखा था, श्री देवेगौड़ा जी ने अपने समय मे लिखा था। मैं आपसे आग्रह करना चाहता हूं कि वहां इसके बारे में आंदोलन चल रहा है। यदि हम आज रिलीजन पर डिस्कस कर रहे हैं तो बुद्ध गया का मंदिर का मामला है, बुद्ध विहार का मामला है, उसको बुद्धिस्ट के हाथों में सौंपना चाहिए। उससे देश का फायदा होगा और जो बुद्धिस्ट कंट्रीज हैं, उनसे भी विकास के लिए सारी चीजें आयेंगी। सभापति जी, मैं ज्यादा बोलना चाहता था लेकिन आपने समय की पाबंदी लगा दी है। इसलिए मैं इतना ही कहना चाहता हूं यदि आपने माइनोरिटी की डेफिनीशन को ठीक से समझने का काम किया और उसके आधार पर आर्थिक मुद्दों को टॉप प्रायोरिटी में रखा तो न तो आपकी दुर्गति होगी और न देश की दुर्गति होगी। इसलिए इस मुद्दे पर हमें गंभीरतापू र्वक विचार करना चाहिए। सभापति महोदय, मेरे बोलने के लिए समय कम था लेकिन आपने मुझे ज्यादा समय दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं।

श्री रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली): सभापति जी, इस दार्शनिक भाषण के बाद तो हमें बुलाना चाहिए।

सभापति महोदय : आप बैठिये, मैं आपको भी बुलाऊंगा।

>

श्रीमती सुमित्रा महाजन (इंदौर) : माननीय सभापति जी, मैं रामविलास जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं कि उन्होंने बहुत ही समझदारी की बातें कीं। इतने सालों के बाद बहुत से हमारे नौजवानों के जलने के बाद ही क्यों न हो, मंडल कमीशन की अपनी गलती भी उनकी समझ में आ गई। मैं उनको एक बात कहना चाहती हूं कि मुझे नहीं लगता कि किसी के भी मन में यह बात होगी कि पाकिस्तान को नष्ट करना है ... (व्यवधान) पाकिस्तान को नष्ट करने की जो बात आपने की, पाकिस्तान नष्ट नहीं हो सकता है। यह कोई नहीं चाहता है। इतना हम सब लोग मन ही मन जरूर चाहते होंगे कि पाकिस्तान और हिंदुस्तान एक हो जाएं, फिर से एक राष्ट्र के रूप में खड़े हो जाएं। यह हम सब जरूर चाहते होंगे। सभापति जी, मैं चाहूंगी कि मुझे थोड़ा अधिक समय बोलने के लिए दिया जाए तो अच्छा रहेगा। चूंकि जब कभी कोई दंगा होता है, जब-जब कभी कोई आपसी झगड़ा होता है, चाहे वह दो सम्प्रदायों के बीच में हो या दो जातियों के बीचे में हो, यदि इसमें किसी

पर सबसे ज्यादा अत्याचार होता है तो वह इस देश के मातृत्व पर होता है। कल से यह बहस चल रही है। हम हमेशा यह करते हैं कि अपनी परम्पराओं, अपनी संस्कृति, अपने पूर्वजों द्वारा व्यक्त विचारों आदि का अपने स्वार्थ के लिए उपयोग कर लेते हैं और वह भी आधा-अधूरा उपयोग करते हैं।

सभापति जी, यहां पर माननीय आरिफ़ जी मौजूद नहीं हैं। कल वे बड़े-बड़े ग्रंथों का उदाहरण दे रहे थे और यह कह रहे थे कि इस प्रकार का विभाजन ठीक नहीं है। हम भी कहते हैं कि हमारे समाज में, इस देश में, भारतवर्ष में परम्परा से जन्म से किसी प्रकार का विभाजन नहीं है। यह कहा गया है-

जन्म न जायते शूद्रः संस्काराात उच्चते।

आप समझते नहीं हैं। यहां पर जन्म से बात नहीं होती है और न हो रही थी। कल यहां पर स्वामी विवेकानंद जी का भी उदाहरण दिया जा रहा था, लेकिन जो बात आज यहां हो रही है, वह क्यों करने पर हम मजबूर हुए, ५० सालों बाद हमें इन चीजों पर क्यों विचार करना पड़ रहा है, इसको भी देखने की जरूरत है। आज ि वचार करते समय भी हम यह विचार कर रहे हैं कि कितने मुसलमान मारे गए या कितने इसाइयों के घर जला दिए? जब विचार करते हैं, तो इसी कारण विचार करते हैं। हम जन्म से सर्वथा विचार करने के लिए तैयार ही नहीं हैं। हम वास्तव में जन्म से पृथकृ-पृथक नहीं हैं। हम विवेकानन्द स्वामी जी की बात हम आधी अधूरी कह देते हैं। मैं बताना चाहती हूं कि स्वयं विवेकानन्द जी ने कहा था कि जन्म से मनुष्य इस प्रकार का नहीं होता है।

"One who thinks in terms of body is a Sudra. One who thinks about wealth and property is a Vaisya. One who thinks about power and national security is a Kshatriya. One who thinks about the welfare of all is a Brahmin."

इस प्रकार से उन्होंने कहा था और यह हमारे भगवान श्री कृष्ण ने भी कहा था-

चातुर्वर्णम मयासृष्टम् गुणकर्म विभागशः

जो जिस प्रकार से काम करता है, हम अपने मन में जिस प्रकार से सोचते हैं, हम कौनसा काम करते हैं, उस प्रकार की हमारी जाति तय हो जाती है, चरित्र तय हो जाता है। यह वास्तव में होना चाहिए। अभी यहां पर बार-बार हिन्दू की बात कही गई। कल न जाने क्यों आरिफ साहब को विवेकानन्द जी और बाकी सब याद आ गए। विवेकानन्द जी ने यह भी कहा था कि हिन्दू होने पर मुझे गर्व है। माननीय राम विलास जी, हम हिन्दू की सही परिभाषा नहीं समझ रहे हैं। आप बिलकुल सही कह रहे थे, लेकिन मेरी समझ में नहीं आता कि उसमें आपने जम्मू-कश्मीर के मुख्य मंत्री को क्यों अलग कर दिया? हम नहीं करते। क्योंकि हमारी हिन्दू की जो परिभाषा है, हिन्दू कौन है, वह है-

आस हिन्दू सिन्धू पर्यन्ता यस्य भारत भूमिकाः

जिसकी यह भूमिका है कि सिन्धू नदी से लेकर सिन्धू सागर तक यह भारत हमारा एक है-

पितृभू पुण्यभू:चैव, सबै हिन्दु इतित्रः

जो इसको पवित्र भूमि मानता है पुण्य भूमि मानता है, वह अपने आप को हिन्दू कहलाता है। यह हिन्दू की भूमिका है। और इस दृष्टि से अगर देखें, तो मैं तो यह कहूंगी कि इस देश में कोई अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक नहीं है। इस देश में जो रहते हैं, इससे प्रेम करते हैं, इस देश के इतिहास को अपना इतिहास मानते हैं, इस भूभाग को जो अपना पिता मानते हैं जो इस देश को माता मानते हैं वह हर कोई हिन्दू हो जाता है। किसी को अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक कहने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन यह होता गया। कल यहां पर बात तो हुई और कहा गया कि विधवा बनाते हैं।

सभापति महोदय, कल यहां बात हुई, विधवा क्यों बनाते हैं। अगर उत्तर देना है, तो मैं उत्तर देना चाहूंगी, हालांकि नहीं देना चाहिए। जब विधवा बनाने की बात होती है, तो मैं कहना चाहती हूं कि ७०० साल तक इस देश पर अत्याचार होता रहा। ७०० सालों तक यहां पर मुगलों के आक्रमण हुए। एक हाथ में तलवार और दूसरे हाथ में मदिरा का प्याला होता था और जब मदिरा का प्याला रख दिया जाता था, तो उस हाथ से इस देश की अस्मत, इस देश के मातृत्व को लूटा जाता था। इस प्रकार का ७०० सालों तक हुआ है और इस देश ने सहा है। आप विधवा बनाने की बात कह रहे थे, इसलिए मुझे यह बात बतानी पड़ी। मैं आपको दोष नहीं दे रही हूं। इसको आप अपने ऊपर क्यों मानते हैं। यह तो इस देश का इतिहास है। यहां पर इस प्रकार के आक्रमण हुए हैं। अब अगर आप पूरे ७०० साल के इतिहास को भी गलत मानते हैं, तो फिर मैं क्या कह सकती हूं। यहां पर माननीय शरद पवार जी उपलब्ध नहीं हैं।

माननीय शरद पवार जी यहां नहीं हैं। मैं उनसे पूछती कि अगर यह इतिहास झूठा है तो छत्रपति शिवाजी भी झूठे हो जाते इसलिए ऐसी बातें मत कीजिए। जो इतिहास है, उस इतिहास को हम स्वीकार करेंगे। मैं तो यह कहना चाहूंगा कि हमने शब्दों के अर्थ भी गलत किये हैं। कल यहां पर मलैच्छ शब्द की बात हो रही थी। मलैच्छ शब्द आज का नहीं है।

... (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Madam, please conclude now.

श्रीमती सुमित्रा महाजन : आप घंटी बार-बार मत बजाइये। मुझे थोड़ा सा टाइम दीजिए।

श्री हरिन पाठक (अहमदाबाद) : सभापति जी, हमारी पार्टी के जो लोग हैं, आप उनकी जगह इनको टाइम दे दीजिए।

MR. CHAIRMAN: There are many more Members to speak. I am requesting you to please conclude.

श्रीमती सुमित्रा महाजन : यद्यपि मलैच्छ शब्द है लेकिन हम नहीं समझते कि मलैच्छ शब्द मुसलमानों के लिए है। यह तो वेदों पुराणों से चला आ रहा है। उसके लिए जिसको हम कहते हैं संस्कृति विहीन, संस्कार विहीन हैं। हम अपने घर में कभी बच्चे को ही कह देते हैं कि कैसा गंदा है, समझता नहीं है । क्या मलैच्छ है? मगर यवन शब्द जरूर उपयोग में लाया गया है। कल काफिर शब्द भी कहा गया। काफिर शब्द है। जो दीन, ईमान और कुरान को नहीं मानते, उसको काफिर कहा गया है। इसकी व्याख्या की गई है। यह काफिर शब्द भी इसमें है मगर होता क्या है? हम कुराण की आलोचना तो जरूर करते हैं लेकिन कुरान की बात नहीं करने देते। यह होना चाहिए। अगर हम प्रजातंत्र में विश्वास करते हैं, अगर हम लोकतंत्र में विश्वास करते हैं तो इन सब बातों की सर्वकक्ष चर्चा करने में कोई संकोच नहीं करना चाहिए।

आज हम देखते हैं कि स्त्रियों की तरफ देखने का दृष्टिकोण क्या है? जब हम किसी को विधवा कहने और अत्याचार करने की बात कहते हैं। जैसे पूरे अत्याचार भारतीय जनता पार्टी कर रही है। इसलिए मैंने ७०० साल का इतिहाल याद दिलाया है। कल यहां शिक्षा के बारे में बात की गई । कहा गया कि एकजीक्यूटिव्स में हमारे लोग नहीं हैं या सुपरवाइजर नहीं हैं या अन्य बड़ी बड़ी पोस्टों पर नहीं हैं। मैं कहना चाहूंगी कि ५० साल में कभी हमने सोचा कि हम क्यों सत्ता की राजनीति करते हैं, बाकी सारी बातें करते हैं। हम वोटों का फतवा निकालते हैं। कभी हम वोटों का फतवा निकालते हैं। आप कभी शिक्षा का भी फतवा निकालकर देखिये। स्त्रियों को शिक्षा मिलनी चाहिए। स्त्रियों का सम्मान होना चाहिए, इसके लिए फतवा निकालकर देखिये। फतवा यह भी निकालिये कि स्त्रियों पर अत्याचार नहीं होना चाहिए और अत्याचार करने वाले को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। आपको पूरा चित्र अलग दिखेगा। हम मदरसे खोलेंगे। मदरसे में के वल धार्मिक शिक्षण देंगे। फिर हम कैसी अपेक्षा कर सकते हैं। हम अपनी तरफ भी थोड़ा आत्मनिरीक्षण करना सीखें। हमने ५० साल तक राजनीति करके वोट कमाये हैं तो हमने दिया भी क्या है? हमने लोगों को क्या दिया है, इन बातों को हमें सोचना पड़ेगा। कभी-कभी मुझे लगता है कि आखिर शिक्षा क्या है?

MR. CHAIRMAN: Madam, please conclude now. There are many more Members from your side also to speak.

प्रो. रीता वर्मा (धनबाद): आप बाकी सब स्पीकर्स का भी टाइम इनको दे दीजिए।

श्रीमती सुमित्रा महाजन : मैं पांच मिनट में अपनी बात समाप्त करूंगी। मैं केवल प्वाइंट रख रही हूं। मैं ज्यादा बात नहीं करूंगी। शिक्षा क्या है? शिक्षा एक संस्कार देना होता है। एक मनुष्य बनाना होता है और उसमें मानवता भरनी होती है। वह तो संस्कार देने की बात होती है कि मातृभूमि से प्रेम करो। यह हम क्यों कहते हैं कि वंदे मातरम् हमारे ऊपर थोपा जा रहा है। हमारी ऐसी भावना है, क्यों हम इसे मातृभूमि मानने के लिए तैयार नहीं हैं। ५० साल बाद भी आज ऐसी स्थिति है? मैं बताना चाहूंगी कि जो उनके मित्र बनना चाहते हैं हालांकि मित्र नहीं है। गत ५० साल में इस देश में माइनौरिटी केवल धर्म के आधार पर नहीं मानी गयी है। वे भाषा के आधार पर हैं। मैं कहना चाहूंगी कि भाषा को आधार बनाकर प्रांतों में झगड़ा किसने कराया? भाषा व प्रांत रचना का ढोंग रचकर इस प्रदेश के एक-एक व्यक्ति को लड़ाया। गुजराती भाई महाराष्ट्रीयन से लड़े और कर्नाटक वाले महाराष्ट्र से लड़े, यह आपस में झगड़ा किसने पैदा किया। इसलिए इन लोगों को कहना है कि सम्प्रदायवाद तुमने खड़ा कर दिया। आप वोट कमाने के लिए फतवा तो निकालते हैं लेकिन शिक्षा के लिए आपने कोई फतवा नहीं निकाला। चादर चढ़ाने के लिए आप जाते हो लेकिन चादर चढ़ाने के साथ आप स्वंय हिम्मत करके देखो कि हम यह कर सकते हैं। परिवर्तन करने की कोशिश करो। आप अपने आपको अ लग क्यों समझते हो। क्यों नहीं इस हिन्दुस्तान को अपनी मातृभूमि मानते हो? क्यों वंदे मातरम् को पराया समझते हो?

इस तरह की कभी हिम्मत नहीं हुई क्योंकि हम केवल वोट की राजनीति करना चाहते हैं, हम इस देश में सही मायने में कभी साम्प्रदायिक सदभाव का निर्माण करना ही नहीं चाहते। मैं यह दावे के साथ इसलिए कह रही हूं क्योंकि मैंने इसी हाउस में देखा, जब कभी बात होती है, मैंने उठकर स्त्रियों पर अत्याचार के बारे में कहा कि स्त्री को कभी मत बांटो। यदि दलित स्त्री पर अत्याचार होगा तब श्री राम विलास पासवान उसे उठाएंगे, यदि किसी मुस्लिम स्त्री पर अत्याचार होगा तभी श्री आरिफ मोहम्मद खां या और कोई उसे उठाएंगे- ऐसा क्यों? फिर उत्तरांचल में यदि। उन महिलाओं पर अत्याचार करते हैं, अपने ही लोगों द्वारा कहकर अत्याचार होता है, तो क्या हम सब लोग चुप रहेंगे और फिर कोई एक व्यक्ति ही उसे उठाएगा, इस प्रकार का भाव हमारे मन में क्यों? हम पर कल से आरोप लगाए जा रहे हैं लेकिन जरा आंख खोलकर देखें, डगरौली में जब किसी क़िश्चियन पर स्कूल में घुसकर अत्याचार हुआ था तो किसका राज था, श्री मुलायम सिंह का राज था, वहां कोई भारतीय जनता पार्टी का राज नहीं था। झाबुआ में जब घटना होती है, मुझे एक बात का खेद है, झाबुआ में जब नन्स पर बलात्कार हुआ, नहीं होना चाहिए, मैं तो हमेशा लड़ती हूं, वह मातृत्व पर आ जाते हैं, नहीं होना चाहिए, गलत बात हुई, लेकिन वहां भी कांग्रेसियों का राज और केवल कांग्रेसियों की बात नहीं है, जब वे लोग पकड़े गए, हम उनको नहीं बांटना चाहते लेकिन ऐसी बात आ गई। किसने किया, क्या किया, एक व्यक्ति यदि कुछ गलत बात कर देता है तो पूरे दल को कहा जाता है, हमने इस प्रकार कर दिया जैसै भारतीय जनता पार्टी या विश्व हिन्दू परिषद वालों ने किया। असलियत सामने आ जाती है। वही व्यक्ति इसी कारण चुनाव में हार गया। ऐसा व्यक्ति जो अत्याचार करना ही जानता था, वह अत्याचारी था, कांग्रेस का समर्थक था, कांग्रेस का कार्यकर्ता था, कांग्रेस के टिकट पर झाबुआ से खड़ा हुआ था, सब जानते हैं।

... (व्यवधान)

यह सही बात है।

... (व्यवधान)

* Expunged as ordered by the Chair.

MR. CHAIRMAN : What is your point of order?

प्रो. एस.पी. सिंह बघेल : सभापति महोदय, इसे कार्यवाही से निकाला जाए। ... (व्यवधान)

श्री बसुदेव आचार्य (बांकुरा) : हमने सुना है कि ... महिलाओं पर अत्याचार करते हैं।

... (व्यवधान)

श्री रामदास आठवले : आप यह शब्द वापिस लीजिए।

... (व्यवधान)

... महिलाओं पर अत्याचार नहीं करते, वे महिलाओं का समर्थन करते हैं। ... (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Shri Ramdas, please sit down.

श्री रघुवंश प्रसाद सिंह :मेरा प्वाइंट ऑफ आर्डर है।

... (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Shri Raghuvansh Prasad Singh, under what rule are you raising your point of order?

श्री रघुवंश प्रसाद सिंह : महोदय, ... इस सदन के सदस्य हैं। इन्होंने उन पर बिना किसी कारण आरोप लगाए हैं।

... (व्यवधान)

इन्होंने कहा है कि ... उत्तराखंड में महिलाओं पर अत्याचार किया।

... (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: There is no point of order in it. I will examine the record.

श्रीमती सुमित्रा महाजन : माननीय सभापति महोदय, मैंने व्यक्ति पर आरोप नहीं लगाया, मैंने कहा मुख्य मंत्री वे थे।

... (व्यवधान)

श्री रामदास आठवले :श्री मुलायम सिंह यादव ने उत्तर प्रदेश में कई महिलाओं की रक्षा करने का काम किया है।

... (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Shri Ramdas, I will examine the record and see whether any objectionable words are there. Please sit down.

एक माननीय सदस्य : पहले इसे प्रोसीडिंग्स में से निकलवाइए।

... (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: I have given my ruling. Please sit down.

श्रीमती सुमित्रा महाजन (इंदौर) : मैं यही कहना चाहती थी कि श्री मुलायम सिंह जी की सरकार में हुआ।

श्रीमती सुमित्रा महाजन : माननीय सभापति जी, मैं बहुत ही अलग प्रकार का मुद्दा रख रही थी। जैसे मैंने कहा कि उत्तरांचल में महिलाओं के ऊपर अत्याचार हुआ, उस समय मुलायम सिंह जी की सरकार थी।

... (व्यवधान)

प्रो. जोगेन्द्र कवाडे :आपने ऐसा नहीं कहा, आप देख लें।

श्रीमती सुमित्रा महाजनः अच्छा, अब कह रही हूं। जैसे झाबुआ में अत्याचार हुआ, झाबुआ में नन्स पर अत्याचार हुआ, वहां कांग्रेस की सरकार है। मैं इतना कहना चाहती हूं कि बिहार में अभी क्रिश्चियंस पर अत्याचार हुआ, वहां किसकी सरकार है, यह समझ लो, लेकिन मैं कुछ दूसरी ही बात उठाना चाहती थी। यह जो जगह-जगह अत्याचार हुए हैं, वहां तो जैसा मैंने कहा कि कांग्रेस के ही कार्यकर्ता थे, जो झाबुआ में पकड़े गये, वे कांग्रेस के कार्यकर्ता थे। ... (

Interruptions)

SHRI BASU DEB ACHARIA : I would like to know whether you are expunging these words or not. ... (Interruptions)

श्रीमती सुमित्रा महाजन : मेरा कहना केवल इतना ही है कि जब यह घटना हो जाती है।

... (व्यवधान)

SHRI P.C. CHACKO (IDUKKI): Madam, please give me a minute. ... (Interruptions)

श्रीमती सुमित्रा महाजन : अच्छा, हमें बोलने दो। आप सुनो तो सही।

MR. CHAIRMAN: Please take your seat.

SHRI P.C. CHACKO : She has yielded. The hon. Member is agreeing, Mr. Chairman, Sir. ... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: Madam, you are wasting the time. Please conclude.

SHRI P.C. CHACKO : Can I take one minute? ... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: You will be given an opportunity to speak. Please take your seat.

श्रीमती सुमित्रा महाजन : मैं कन्क्लूड ही कर रही हूं।

सभापति जी, जो लोग पकड़े गये, वे तो दोनों प्रकार के थे, क्रिश्चियंस भी थे, लेकिन उनके घर में कांग्रेस के पत्रक वगैरह मिले थे

... (व्यवधान)

वहां कांग्रेस की सरकार थी, यह बात तो सही है? चलो इस बात को छोड़ो।

SHRI P.C. CHACKO : Mr. Chairman, please understand that if the Member is yielding, then one can speak. Please understand that and do not say like this. If the Member is yielding, then, I think, I can speak. She is the General Secretary of the B.J.P. I am asking her to give me a minute and she is yielding. What is this?

Madam, this is the second time that you are making a statement in the House that the people who were accused in this Jhabua incident are Congress workers. The people who were arrested in connection with this incident in Madhya Pradesh have got nothing to do with the Congress Party. You are the Genreral Secretary of the B.J.P. Can you make an irresponsible statement like this?... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record except Shrimati Sumitra Mahajan's speech.

(Interruptions) *

श्रीमती सुमित्रा महाजन : मैं कन्क्लूड कर रही हूं। अच्छा, इस बात को भी छोड़ो।

मैं जो दूसरी बात कह रही थी, उदाहरण देकर जो मैंने कहा, अलग-अलग जब ये अत्याचार हुए, जैसे ही झाबुआ में नन्स पर अत्याचार होता है, ठीक है कि पूरे हिन्दुस्तान के क्रिश्चियंस एक होकर बोले, यह बात वहां तक भी ठीक है, होनी चाहिए, हम भी उसके खिलाफ बोले हैं, लेकिन उसकी राजनीति नहीं होनी चाहिए। उसके पहले हमने बार-बार माननीय सोनिया जी को भी निवेदन किया था कि मध्य प्रदेश में गत पांच साल से सतत महिलाओं पर अत्याचार बढ़ रहे हैं, चाहे वह सरपंच महिला हो या दलित, आदिवासी महिला हो, सभी महिलाओं पर अत्याचार बढ़ रहे हैं, लेकिन उसमें दखल नहीं दिया जाता है।

मुझे दुख इस बात का होता है कि उसमें दखल नहीं दी जाती है। नन्स पर अत्याचार हुआ, उसकी भी मैं निन्दा करती हूं। होनी ही चाहिए, क्योंकि मातृत्व पर वह बलात्कार है, ऐसा होना चाहिए। वह केवल क्रिश्चियन है या किसी जाति की है, किसी सम्प्रदाय की है, यह बात होती है, उसको लेकर राजनीति की जाती है। ठीक है, अगर आप काला दिन मनाना चाहते हैं, मना सकते हैं, आपकी भावना है, लेकिन छः दिसम्बर को

---

* Not Recorded.

मनाओ, चार दिसम्बर को क्यों बन्द करेंगे? फिर हम गुजरात सरकार को इस प्रकार से करेंगे, क्योंकि चार दिसम्बर को कार्यालय चालू हैं, इसलिए उस दिन मनाएंगे।

MR. CHAIRMAN: Please come to the subject. Why are you wasting the time? Please conclude now. You have already taken 15 minutes and I will not give you any more time.

श्रीमती सुमित्रा महाजनः सभापति जी, मैं कन्क्लूड कर रही हूं।

मैं आखिर में इतना ही कहना चाहती हूं कि हम थोड़ा सा इस बात को समझें। यहां १९८४ के दंगों की बात भी हो गई। बात यह होती है कि गत ५० साल में किसने क्या किया, हम केवल सोचें कि सम्प्रदायवाद को उठाकर हमने वोट लेने की कोशिश की है।

क्योंकि मैं अपने तईं यह मानती हूं कि जब सियासत के निगेहबान हवा देती है तभी दंगाई दंगा करते हैं, तभी दंगाई आग लगाते हैं, नहीं तो कोई दंगा नहीं कर सकता। इसलिए हमें सोचना पड़ेगा कि हमने ५० सालों में साम्प्रदायिकता को किस तरह से हवा दी है। मैं यह भी कहना चाहती हूं कि यह बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक क्यों बोलते हैं, इन्हें हटा देने चाहिए। हम सब भारतीय हैं। क्यों कोई यह माने कि मैं अल्पसंख्यक हूं। इसलिए यह सब समाप्त करना है, रौशनी अगर लानी है तो जो पहले सम्प्रदायवादी हैं, जिन्होंने ५० साल में इसको हवा दी, उनके लिए मैं कहना चाहती हूंः-

जिन चिरागों से तास्सुब का धुंआ उठता है

उन चिरागों को बुझाओ तो रोशनी जरूर होगी।

>

श्री रघुनाथ प्रसाद सिंह : सभापति महोदय, अल्पसंख्यकों पर जोर-जुल्म के खिलाफ विषय पर जो बहस चल रही है, आपने बड़ी कृपा की कि उसकी अनुमति दी और तीन दिन से इस पर बहस चल रही है। इस बहस में हमने देखा कि उस पक्ष के लोग जब बोल रहे थे तो अनेक तरह के तर्क देकर वे भी सेक्यूलर होने का दावा कर रहे हैं। विपक्ष के सदस्य श्री पी. शिवशंकर जब भाषण दे रहे थे तो कागज-पत्रों के साथ, सबूत के साथ साबित करना चाहते थे कि ये सेक्यूलर नहीं हैं। अल्पसंख्यकों पर इनके चलते ज्यादा जोर-जुल्म होता है। जब राम विलास पासवान जी बोल रहे थे तो मेरा मन बोलने के लिए छटपटा रहा था कि मुझे भी मौका मिलना चाहिए। उनका भाषण उपदेशात्मक था, पुराने जमाने का था, पता नहीं वे बहस में भाषण दे रहे थे या उपदेश दे रहे थे।

अल्पसंख्यकों पर जोर-जुल्म की शुरूआत तभी हो गई जब हिन्दुस्तान में साम्प्रदायिक सरकार का गठन हुआ। साम्प्रदायिक सरकार आ गई, यह उन पर जुल्म नम्बर एक था

... (व्यवधान)

जिस समय इनकी हुकूमत बनी देश के करोड़ों अल्पसंख्यक सांसत में आ गए, आतंकित हो गए

... (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Please do not make provocative speeches.

श्री रघुवंश प्रसाद सिंह : इसमें प्रोवोकेटिव कुछ नहीं है। ये दावा करते हैं कि ये भी सेक्यूलर हैं। मस्जिद को तोड़ने वाले कभी सेक्यूलर हो सकते हैं, कभी नहीं हो सकते। ये मस्जिद तोड़कर भी सेक्यूलर होने का कैसे दावा करते हैं। माननीय गृह मंत्री देश भर में रथ लेकर घूमे, आग लगाने का काम किया, फिर मस्जिद टूटी। मैंने परसों अखबार में पढ़ा कि अभी छः बरस के बाद आडवाणी जी ने भी माना है कि उस समय जो हुआ वह बुरा हुआ। मस्जिद का टूटना इनसानियत पर, मान वता पर कलंक है। देश में किसी भी अल्पसंख्यक पर कोई हमला होता है या खराब व्यवहार होता है तो दुनिया के मुल्कों में देश का माथा झुक जाता है, ऐसा करने से हिन्दुस्तान विदेशी मुल्कों को मुंह दिखाने लायक नहीं रहेगा, क्योंकि हिन्दुस्तान जो मुल्क है, उसकी खासियत है, अहमियत है कि हम सेक्यूलर हैं। यहां हरेक धर्म को मानने वाला रहता है और वह पूरी आजादी के साथ तथा निर्भीक ढंग से रह सकता है, उस पर कोई दबाव या जुल्म नहीं होगा।

MR. CHAIRMAN : There are fifteen Members more to speak on this. Is it the pleasure of the House that the sitting of the House be extended?

SHRI AJOY MUKHOPADHYAY (KRISHNAGAR): Let us take it up tomorrow, Sir.

MR. CHAIRMAN: We have Private Members' Business for tomorrow. If Members agree, we will extend the sitting by one hour.

प्रो. सैफ़ुद्दीन सोज़ (बारामूला): पहले फैसला कीजिए।

SEVERAL HON. MEMBERS: We agree, Sir.

MR. CHAIRMAN: The sitting of the House is extended up to 7 p.m.

श्री रघुवंश प्रसाद सिंह : सबसे पहले मैं यह कहूंगा कि कम्युनेलिज्म के चलते हिन्दुस्तान का इतिहास बर्बाद हुआ, देश का बंटवारा हुआ, यह ज़ुल्म नं. १ था। ज़ुल्म नं. २ उस समय हुआ जब महात्मा गांधी जी की हत्या एक कम्युनल ने कर दी, साम्प्रदायिक लोगों ने कर दी। हिन्दुस्तान का तीसरा काला अध्याय ६ दिसम्बर को हुआ जब बाबरी मस्जिद टूटी और देश में आग लगी, दंगे फैले, लाखों लोगों की सम्पत्ति बर्बाद हुई, लाखों लोग मारे गये, मंदिर टूटे, मस्जिद टूटी और क्या-क्या उनके ऊपर अत्याचार हुए। तीसरा काला अध्याय महात्मा गांधी जी की हत्या तीस जनवरी को हुई।

... (व्यवधान)

प्रो. रीता वर्मा : बीस महीने से माइनॉरिटीज को वेतन नहीं मिल रहा है। ... (व्यवधान) बिहार में माइनॉरिटीज को सैलरी नहीं मिल रही है। यह भी बताएं कि यह किसका अत्याचार है? माइनॉरिटीज का दावा कर रहे हैं।

... (व्यवधान)

वे बीस महीने से भूखे मर रहे हैं।

... (व्यवधान)

श्री रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली): एक शायर ने कहा:

'उस पिस्तौल पर लिखा हुआ था तीस जनवरी

जब महात्मा गांधी जी की हत्या हुई थी

इन लोगों ने मिटाकर उसे छः दिसम्बर लिख दिया।'

